हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 2 फरवरी 2024

# कार में भरकर महाराष्ट्र से ला रहे थे शराब, 2 पकड़ाए

**राजनांदगांव।** जिले में अवैध शराब बिक्री एवं तस्करी के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत बागनदी पुलिस ने कार में शराब तस्करी कर रहे आरोपी को पकड़ा। जिससे लगभग डेढ़ लाख रुपए की अंग्रेजी शराब बरामद की गई है। पुलिस की इस कार्रवाई से शराब तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस सूत्रों के अनुसार एसपी मोहित गर्ग के दिशा-निर्देशन पर जिले में अवैध मादक पदार्थ तस्करी के रोकथाम हेतु लगातार कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया था, जिस पर पुलिस शराब तस्करों पर पैनी नजर रखे हुए थे। इस दौरान बागनदी पुलिस को 31 जनवरी के मध्य रात्रि को सूचना प्राप्त हुआ कि दो लोग मारुति कार में देवरी महाराष्ट्र से राजनांदगांव की ओर मध्यप्रदेश निर्मित शराब परिवहन करने वाले हैं।

### दो आरोपी पकड़ाए

इस सूचना पर बागनदी बस स्टैंड चौक नेशनल हाईवे रोड में एमसीपी लगाकर पुलिस देवरी महाराष्ट्र की ओर आने वाली गाडियों को चेक कर रहे थे। कुछ समय बाद रीट्ज कार आने पर वाहन को चेक किया गया। जिसमें मप्र निर्मित 27 पेटी अंग्रेजी शराब कीमती 1,48,500 रुपए का बरामद किया गया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी निर्मल धमगाये पिता स्व. अंकालू धमगाये 50 वर्ष साकिन कोर्ची थाना कोर्ची जिला गढ़चिरौली महाराष्ट्र एवं संतोष वाडेकर पिता इतवारी वाडेकर 50 वर्ष साकिन रामनगर वार्ड क्र. 14 कुशवाहा आटा चक्की के पीछे थाना वैशाली नगर जिला दुर्ग के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध रूप से शराब तस्करी करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है।

## खबर संक्षेप

### वार्डों में शिविर कल से

**राजनांदगांव।** हितग्राहियों को माह दिसम्बर 2023 का पेंशन भुगतान के लिये वार्डो में 21 फरवरी तक प्रातः 11:30 बजे से दोपहर 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 3 फरवरी को डॉ. बल्देवप्रसाद मिश्र वार्ड नं. 15 के लिए राम मंदिर बीएनसी मिल के पास व ठा.प्यारेलाल सिंह वार्ड नं. 16 व तुलसीपुर वार्ड नं. 17 के लिए ठा. प्यारेलाल स्कूल में, 5 फरवरी को लालबहादुर शास्त्री वार्ड नं.18 व वर्धमान नगर वार्ड नं. 19 के लिए आनंद विहार कालोनी के सामुदायिक भवन गली नं. 05 में, स्टेडियम वार्ड नं. 23 के लिए पार्षद कार्यालय स्टेडियम रोड में एवं कौरिनभाठा वार्ड नं. 44 व रामकृष्ण वार्ड नं. 45 के लिए आंगनबाड़ी सतनामी पारा कौरिनभाठा, 8 फरवरी को मोहारा वार्ड नं. 47 के लिए पार्षद कार्यालय मोहारा एवं 9 फरवरी को मोहड़ वार्ड नं. 49 के लिए पार्षद कार्यालय मोहड़ में शिविर का आयोजन किया गया है।

### माय एंगल




# ओडिशा से कार में ला रहे थे 42 किलो गांजा, घेराबंदी कर पकड़ा

**हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव**

जिले में अवैध शराब बिक्री, परिवहन एवं मादक पदार्थ की तस्करी के खिलाफ पुलिस द्वारा अभियान चलाकर लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिसके तहत गुरुवार को लालबाग पुलिस ने फरहद चौक में एक कार से बड़ी मात्रा में गांजा बरामद किया है। इस मामले में देर रात तक पुलिस कार्रवाई में जुटी हुई थी।

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत फरहद चौक के पास पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर एक कार को रोककर चेक किया। बताया जा रहा है कि उक्त कार डोंगरगांव रोड की ओर जा रही थी। कार को चेक करने पर पुलिस ने उक्त कार से बड़ी मात्रा में गांजा बरामद किया है। बताया गया कि लगभग 42 किलो गांजा बरामद किया गया है। इस संबंध में एक आरोपी युवक से पूछताछ जारी है।

बहरहाल पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध रूप से मादक पदार्थ की बिक्री एवं परिवहन करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है।



### कार मालिक पर कार्रवाई नहीं

पुलिस ने इस मामले में अभी तक कार के मालिक के खिलाफ में कोई कार्रवाई नहीं की है। ऐसी चर्चा है कि पुलिस ने इस मामले में कार मालिक के साथ लेन देन कर उसे बचाने का काम किया है।

## एक्शन में एनएचएआई : गुरुवार से अतिक्रमण हटाने का काम शुरू

# दुर्ग से महाराष्ट्र बार्डर के बीच हटाए जाएंगे अतिक्रमण, 120 को नोटिस

**हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव**

राष्ट्रीय राजमार्ग में अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ अब एक्शन की तैयारी कर ली गई है। एनएचएआई के अफसरों ने दुर्ग बायपास से महाराष्ट्र बार्डर के बीच अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ बुलडोजर चलाने का फैसला लिया है। इससे पहले अतिक्रमण करने वाले 120 लोगों को नोटिस भी जारी कर दी गई है। दो दिनों के भीतर कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय राजमार्ग में लगातार हो रहे अतिक्रमण के चलते रास्ते में आवागमन की सड़कें सकरी हो रही थी। वहीं लगातार शिकायतें भी अतिक्रमण को लेकर सामने आ रही थी। जिसको देखते हुए अब एनएचएआई ने कार्रवाई की शुरूआत कर दी है। नेशनल हाईवे की करोड़ों की जमीन का उपयोग अतिक्रमणकारी कर रहे हैं। यह कीमती जमीन राष्ट्रीय संपत्ति है। सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन के अनुसार राष्ट्रीय संपत्ति को अतिक्रमण मुक्त रखने की जिम्मेदारी जितनी संबंधित विभाग की है, उतनी ही प्रशासन की भी है। यही कारण है कि अब एनएचएआई ने अतिक्रमणकारियों को नोटिस देने के साथ ही प्रशासन को भी पत्र लिखकर अतिक्रमण हटवाने में मदद के लिए कहा है।



### 30 मीटर दायरे के अनुसार कार्रवाई

मिली जानकारी के अनुसार एनएचएआई के अफसरों ने नेशनल हाईवे बनने से पहले अधिग्रहण की गई भूमि के अनुसार ही अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी की है। बताया गया कि अधिकांश इलाकों में नेशनल हाईवे की मौजूदा सड़क के सेंटर से 30 मीटर दोनों ओर मार्किंग कर अतिक्रमण हटाया जा रहा है। हालांकि कुछ इलाकों में यह दूरी कम-ज्यादा भी रही है।

### पार्रीनाला में काम शुरू

ज्ञात हो कि लगातार हो रहे सड़क हादसों को देखते हुए हाल ही में एनएचएआई ने पार्रीनाला चौक में नया ब्रिज बनाने का काम शुरू किया है। यहां मौजूदा सड़क के दोनों ओर सात-सात मीटर चौड़ी सर्विस रोड बनाई जा रही है। वहीं रोटरी भी तैयार किया जाना है। ऐसे ही और भी काम संबंधित नेशनल हाईवे में कराए जाने है। जिसको देखते हुए अब अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की गई है।

### सात दिन का दिया था समय

एनएचएआई ने अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई की तैयारी नए साल के साथ ही शुरू कर दी थी। विभाग के अफसरों ने पहले दुर्ग बायपास से महाराष्ट्र बार्डर के मध्य अतिक्रमण करने वालों की सूची तैयार की। जिसके बाद उन्हें एक नोटिस जारी की गई। नोटिस में अतिक्रमण हटाने के लिए सात दिनों का समय दिया गया था। अब भी जिन लोगों ने अतिक्रमण नहीं हटाया है, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# इन्टर्नशिप डॉक्टर और बीएससी नर्सिंग छात्रा ने मचाया हंगामा

**हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव**

राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज में बीती रात को एक प्रशिक्षु चिकित्सक और बीएससी नर्सिंग की एक छात्रा ने जमकर उपद्रव मचाया। दस्त की शिकायत पर अस्पताल में उपचारार्थ भर्ती छात्रा ड्यूटी डॉक्टर के कक्ष में आराम करना चाहती थी। इस बात को लेकर स्टॉफ नर्स ने बिना अनुमति कक्ष में दाखिल होने पर आपत्ति की। यहीं से मामला विवाद में बदल गया।

मिली जानकारी अनुसार मेडिकल कॉलेज के स्त्री मेडिकल वार्ड में एक इन्टर्नशिप डॉक्टर बीएससी नर्सिंग की छात्रा को लेकर लूज मोशन के उपचार के लिए दाखिला कराने पहुंचा। इस दौरान बीएससी नर्सिंग की छात्रा अनाधिकृत रूप से ड्यूटी डॉक्टर के कक्ष में चली गई। स्टॉफ नर्स द्वारा इसको लेकर आपत्ति की गई। स्टॉफ नर्स ने इन्टर्नशिप डॉक्टर और छात्रा को लिखित आदेश बाद कमरा देने की बात कही। आपत्ति करने के बाद छात्रा और इन्टर्नशिप डॉक्टर ने स्टॉफ के साथ बुरा बर्ताव किया। बताया गया 20 दिन पहले भी दोनों ने इसी वार्ड में हंगामा किया था। बीती रात भी विवाद करते दोनों ने स्टॉफ नर्स को देख लेने की धमकी दी।

### आधी रात तक चला विवाद

मिली जानकारी के मुताबिक स्टॉफ नर्स रात एक बजे तक दोनों के रवैये से हलाकान रही। किसी तरह इन्टर्नशिप डॉक्टर लौट गया, फिर कुछ मिनट बाद दो मेडिकल कॉलेज में अध्ययनरत छात्र फिर से स्टॉफ नर्स से बहस करने पहुंच गए। स्टॉफ नर्स ने इस मामले को लेकर अधीक्षक से शिकायत की है। यहां यह बताना लाजमी है कि मेडिकल कॉलेज में इन्टर्नशिप डॉक्टर द्वारा पहले भी स्टॉफ नर्सों से विवाद किया जाता रहा है। पिछले कुछ महीनों से वहां की गतिविधियों को लेकर स्टॉफ नर्स और अन्य कर्मियों ने आपत्ति की है। अस्पताल प्रबंधन की ओर से इस मामले में सुधार को लेकर कोई पहल नहीं की गई है।

### कार्रवाई की मांग पर अड़ा संगठन

इधर स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने स्टॉफ नर्स के साथ हुए दुर्व्यवहार को लेकर कड़ी नाराजगी जाहिर की है। जिलाध्यक्ष लभेश पगारे ने कहा कि एक प्रतिनिधि मंडल डीन और अधीक्षक से मिलकर दोषियों पर कार्रवाई करने के लिए ज्ञापन सौंपेगा। ऐसी घटनाओं की पुनर्रावृत्ति पर रोक लगाने की मांग की जाएगी।

### मिली है शिकायत

इस संबंध में बीएससी नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्य ममता नायक ने कहा कि छात्रा के व्यवहार को लेकर शिकायतें आई है। जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी। प्राचार्य का कहना है कि छात्रा हॉस्टल में नहीं रहती है, इसलिए उसके प्रत्येक गतिविधियों पर नजर रखना संभव नहीं है।




## खबर संक्षेप

### किसानों के धान की खरीदी अब चार तक



**डोंगरगढ़।** किसानों के मांग पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने धान खरीदी में चार दिनों की वृद्धि की है। अब आगामी 4 फरवरी तक धान खरीदी किया जाएगा। सरकार के इस फैसले से किसानों में हर्ष व्याप्त है। भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शशिकांत द्विवेदी ने कहा कि बारिश के कारण कई दिनों तक धान खरीदी प्रभावित रही। कई किसान धान बेच नहीं पाए है। किसानों की लगातार मांग पर मोहर लगाते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 4 दिन के लिए धान खरीदी में वृद्धि की है। श्री द्विवेदी ने इसके लिए आभार प्रकट किया है।

### रक्तदान शिविर 11 को

**डोंगरगढ़।** स्व.पुरुषोत्तम दास दरगड की स्मृति में आगामी 11 फरवरी को रक्तदान शिविर एवं निःशुल्क होम्योपैथी परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। महावीर मंदिर परिसर में लगने वाले शिविर में डॉ ममता महेश्वरी अपनी सेवाएं देंगी। आयोजकों ने सभी से शिविर का लाभ उठाने का आव्हान किया है।

### भाजपा की बैठक आज

**डोंगरगढ़।** कल 2 फरवरी को प्रदेश एवं जिला भाजपा के आदेश पर शहर भाजपा मंडल की गांव चलो अभियान के तहत बैठक लोधी भवन में रखी गई है। बैठक में पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, कार्यक्रम के सह प्रभारी मूलचंद लोधी उपस्थित रहेंगे। बैठक में सभी पूर्व विधायक, वरिष्ठजन, पार्षद, मंडल एवं मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी आदि से शामिल होने कहा गया है।

### नुक्कड़ नाटक का मंचन

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. केएल टांडेकर के मार्गदर्शन एवं रसायन शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष यूनुस रजा बेग के निर्देशानुसार स्नातकोत्तर रसायन शास्त्र के विद्यार्थियों द्वारा भारत के नीति आयोग की योजना विकसित भारत/2047 के प्रचार-प्रसार के लिए शा.उ.माध्यमिक विद्यालय टेडेसरा में एक नुक्कड नाटक का मंचन किया गया। नुक्कड नाटक में इस योजना के विभिन्न दृश्यगत क्षेत्रों जैसे बालिका शिक्षा, स्वच्छ भारत अभियान, सड़क सुरक्षा, तकनीकी का जीवन में उपयोग, पर्यटन उद्योग में संभावना, कृषि आधारित उद्योगों का महत्व पर मुख्यतः बल दिया गया। नुक्कड नाटक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत/2047 के शुभारंभ के अवसर पर दिए गए भाषण के मुख्य बिंदुओं को भी विद्यालय के बच्चों के समक्ष रखा गया। नाटक के अंत में विद्यालय के स्टाफ एवं विद्यार्थियों को विकसित भारत/2047 की शपथ दिलाई गई। नाटक की रूपरेखा एवं क्रियान्वयन रसायन शास्त्र के स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर रसायन शास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. अश्वनी कुमार शर्मा द्वारा विकसित भारत/2047 के अंतर्गत कक्षा 11 एवं 12 के विद्यार्थियों के लिए नई शिक्षा नीति 2020 पर एक पावर पाईंट प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रमों के सफल आयोजन में प्राचार्य दीपक सिंह ठाकुर एवं विद्यालय स्टाफ ने सक्रिय सहयोग दिया।

### कलेक्टर जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में हुए शामिल

# प्रशासन पहुंचा तोतलभर्री, शिविर में सुलझी ग्रामीणों की समस्याएं

**हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव**

जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन सोमवार को डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत तोतलभर्री में किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर संजय अग्रवाल ग्रामवासियों से रूबरू हुए और उनकी समस्याओं को सुना। कलेक्टर ने विभागीय स्टॉल का अवलोकन किया। दिव्यांग रामेश्वर मानिकपुरी ने अपनी समस्या बताई।

कलेक्टर ने समाज कल्याण विभाग अंतर्गत पात्रता अनुसार पेंशन दिलाने निर्देशित किया। राजस्व विभाग के स्टॉल में उन्होंने राजस्व अधिकारियों एवं ग्रामवासियों से कहा कि खाता विभाजन जरूर कराएं। इससे धान बिक्री करने तथा ऋण लेने में आसानी होती है। कलेक्टर ने कहा कि जनसमस्या निवारण शिविर में आसपास के दूरस्थ अंचलों के ग्रामवासी आए हुए हैं। यहां 57 लाख 9 हजार रुपए की लागत के कार्य स्वीकृत किए गए हैं। जिनमें से 6 लाख रुपए के नाली निर्माण तथा 51 लाख 9 हजार रुपए की लागत के मजदूरी मूलक कार्य किए जाएंगे।

इस अवसर पर अनिल सिन्हा, प्रकाश वर्मा, विरेन्द्र, राहुल देव शर्मा, गिरिश रामटेके, अजीत ओगरे, दिव्या ठाकुर, मुकेश ठाकुर, विजय साहू, फैज मेनन सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## वनांचल के ग्रामीण हुए शामिल

### कई को मिली सौगातें

कलेक्टर ने 20 हजार रुपए की लागत का पावर स्प्रेयर जैनाबाई को प्रदान किया। उन्होंने नोनी सशक्तिकरण योजना अंतर्गत 10 हितग्राहियों को चेक का वितरण किया। गर्भवती माताओं की गोद भराई के लिए सुपोषण किट प्रदान किया गया तथा बच्चों का अन्नप्रासन्न किया गया। स्वास्थ्य विभाग की ओर से आयुष्मान कार्ड का वितरण किया। मत्स्य पालन विभाग की ओर से जय मां अम्बे स्वसहायता समूह को आईस बाक्स का वितरण किया गया।



### ग्रामीणों को दी योजनाओं की जानकारी

जिला स्तरीय अधिकारियों ने शासन की विभिन्न योजनाओं के संबंध में जानकारी दी। उप संचालक कृषि नागेश्वर लाल पाण्डेय ने बताया कि किसानों को शाकम्भरी योजना, किसान सम्मान निधि योजना, किसान समृद्धि योजना, आत्मा योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना से लाभान्वित किया जा रहा है। कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास गुरप्रीत कौर ने बताया कि आंगनबाड़ी केन्द्रों में गर्भवती माताओं को पंजीयन कराने के बाद अतिरिक्त पोषण आहार के रूप में रेडी टू ईट दिया जा रहा है। उप संचालक समाज कल्याण विभाग बीएल ठाकुर, उप संचालक पशु पालन डॉ. अनूप चटर्जी ने भी अपने विचार रखे।

### लोगों ने दिया आवेदन

कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि गांव में एक अच्छा बांध भी है। यहां वन विभाग की ओर से एक अच्छे तालाब का निर्माण किया जा सकता है एवं जीर्णोद्धार कर पानी उपलब्धता को पूरा किया जा सकता है। यदि हमारे किसान समृद्ध होंगे तो सभी समृद्ध होंगे और यहां किसान 2 से 3 फसल ले सकेंगे। उन्होंने कहा कि मनरेगा के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में किए जा रहे कार्यों का ग्रामवासियों को फायदा मिलना चाहिए। ऐसे कार्य गुणवत्तापूर्ण होने चाहिए। ग्रामीण क्षेत्रों में डबरी स्वीकृत किए गए है, जिसका फायदा ग्रामवासियों को मिलेगा। कलेक्टर ने महिलाओं से ग्राम में शराब पीने वाले लोगों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अवैध शराब बिक्री की जानकारी मिलने पर इसकी जानकारी पुलिस को दे सकते हैं। जानकारी देने वाले व्यक्ति का नाम गोपनीय रखते अपराधियों को पुलिस ले जाएगी।

# नितिन भाटी और कपिल नायडू ने जीता खिताब



- तीन दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव**


नगर में डीएसए संस्था ने कॉलेज खेल भवन में तीन दिवसीय अंतर्राज्यीय ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया। इस स्पर्धा में राजनांदगांव, बेमेतरा, उज्जैन, भंडारा, बिलासपुर, भिलाई, दतिया, नागपुर, पुणे, डोंगरगढ़ शहर के बैडमिंटन खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

दो वर्गों में आयोजित प्रतियोगिता के 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में राजनांदगांव के नितिन भाठी और कपिल नायडू विजेता रहे। उन्हे विधायक दलेश्वर साहू द्वारा प्रदत्त 21 हजार एवं विनर ट्रॉफी दिया गया। उपविजेता भंडारा के दिनेश और सचिन रहे। उन्हे संदीप जैन, सतीष सोनी एवं आशीष ढोमने द्वारा प्रदत्त 11 हजार, ट्रॉफी दिया गया। ओपन वर्ग में बिलासपुर के जय और शिशिर की जोड़ी विजेता रही जिन्हे स्व. लद्धाराम हेमनानी की स्मृति में मनोज हेमनानी द्वारा प्रदत्त 12 हजार एवं ट्रॉफी दिया गया। उपविजेता का खिताब देवरी के कितेक और मिहिर की जोड़ी के नाम रहा। उन्हे विकासखंड शिक्षा विभाग द्वारा प्रदत्त 7 हजार नगद व ट्राफी दिया गया।

### विधायक ने लिया खेल का आनंद

समापन समारोह में मुख्य अतिथि विधायक दलेश्वर साहू थे। इस दौरान जयश्री साहू भी उपस्थित थी। उन्होंने मैच का आनंद लिया एवं खिलाड़ियों की प्रशंसा किया। उन्होंने डीएसए परिवार ने इस आयोजन को निरंतर जारी रखने कहा। अंत में आयोजन समिति के अध्यक्ष शैलेश जैन ने आभार व्यक्त किया।

## एकता और अनुशासन कौशल विकास की नींव है



**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के एनसीसी इकाई द्वारा प्राचार्य डॉ. केएल टांडेकर के मार्गदर्शन एवं एनसीसी अधिकारी प्रो. लेखा प्रसाद उर्वशा के नेतृत्व में युवा दिवस के अंतर्गत कौशल विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. टांडेकर द्वारा स्वामी विवेकानंद के तैलचित्र में माल्यार्पण के साथ किया गया। उन्होंने महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट को संबोधित करते कहा कि एनसीसी अपने अंदर कौशल विकास से देश की रक्षा के साथ-साथ स्वयं का आत्मविश्वास बढ़ाकर आत्मनिर्भरता एवं एकता की ओर अग्रसर हो सकता है। मुख्य वक्ता डॉ. अलरेजा द्वारा कौशल विकास पर व्याख्यान दिया गया। एनसीसी अधिकारी प्रो. लेखाप्रसाद उर्वशा द्वारा प्रेजेंटेशन के माध्यम से कौशल विकास के विभिन्न आयाम पर विस्तार से चर्चा करते बताया कि किस तरह ट्रेनिंग से न केवल सैन्य गतिविधि अपितु कौशल विकास कर संपूर्ण विकास पर कार्य किया जाता है। जिससे एक स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण किया जा सके। कार्यक्रम में पूर्व एनसीसी अधिकारी हीरेंद्र बहादुर ठाकुर एवं एनसीसी के 79 कैडेट्स उपस्थित थे।

## पंचायत भवन का लोकार्पण आज

**सड़क अतरिया।** ग्राम पंचायत खैरा नवापारा में लाखों की लागत से निर्मित पंचायत भवन का लोकार्पण कल शुक्रवार को विधायक यशोदा वर्मा के मुख्य आतिथ्य में होगा। अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष नीना विनोद ताम्रकार करेंगी। विशिष्ट अतिथि के रुप में पूर्व विधायक गिरवर जंघेल, मोतीलाल जंघेल, ललित महोबिया, गजेन्द्र ठाकरे, रामकुमार पटेल, निर्मला विजय वर्मा, कविता अशोक जंघेल, कामदेव जंघेल, किशुन मिर्चे, लिखन जंघेल, कांती प्रकाश वर्मा, बेदलाल जंघेल, बलकरण जंघेल, संतकुमार जंघेल, पुलेन्द्र जंघेल, शारदा गोरे लाल जंघेल उपस्थित रहेंगे।

# वार्षिकोत्सव में मेधावी छात्रों का सम्मान



**हरिभूमि न्यूज ⏭ एलबी नगर**

स्थानीय कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. आरके ठाकुर के मार्गदर्शन में वार्षिक पुरस्कार वितरण एवं स्नेह सम्मेलन का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि डॉ. ठाकुर एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. एआर ध्रुव थे। सर्वप्रथम भारत माता, मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित किया गया। गंगा एवं साथी ने राजकीय गीत प्रस्तुत किया। शैक्षणिक के साथ खेलकूद, भाषण, निबंध, रंगोली, पोस्टर आदि प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने वालों को प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। संचालन धनंजय साहू ने किया।

अंत में डॉ हेमलता गायकवाड ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मनोहर बोकड़े, बीआर चंद्रवंशी, अरुण साहू, सोनल नागवंशी, रीना सलामे, उषा सोनवानी, सूर्यकांत वर्मा, रूपेश बांसोड़, कमलेश यादव, तेजल यादव, राजेश चक्रधारी, हेमंत कुमार, गौतम राव, कुलेश्वरी वर्मा, गुप्तेश्वर धुर्वे, पंचराम सोरी, धनंजय साहू, अजय, भानुप्रताप, ललित, लेखन, राकेश, हितेश, पंकज, योगेश, मिथिलेश, अमरजीत, रोशन, डालेश्वरी, आरती, पूजा, भूमिका, उमेश, सुमंत आदि मौजूद थे।

# सेवानिवृत्त कृषि अधिकारी को दी विदाई

- सेवाकाल में किए कार्यों की सबने की सराहना

**हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़**



वरिष्ठ कृषि उद्यान अधिकारी हरगोविंद विजयवार के सेवानिवृत होने पर विभाग ने विदाई देते हुए सम्मानित किया। गया। इस मौके पर विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, उद्यान विभाग के सहायक संचालक आरके शर्मा, एसडीएम गिरीश रामटेक, जनपद सीईओ दिव्या ठाकुर, विजय प्रताप सिंह, माखनलाल चंद्रवंशी, श्री रानाडे, सुनील शर्मा, एचके चंद्रशेखर, संजय बोपचे, नवाज खान, कचरू साहू, अधिवक्ता सीपी मिश्रा, संजू वशिष्ठ, विजयराज ठाकुर, चुम्मन साहू, लता साहू सहित अन्य मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि श्री विजयवार की कार्य कुशलता के चलते कई किसानों को प्रगतिशील किसान का दर्जा मिला जिसमें पेंड्री के मोतीलाल सिन्हा, चिद्दो के कुशल पटेल, गाजमर्रा के ओम कोठारी, कल्याणपुर के उमेश साहू, ठाकुर टोला के महेंद्र वर्मा, फतेहगंज के रेवाराम सिंह, कल्याणपुर के जितेंद्र खोबरागड़े, माड़ी तराई के दिनेश वर्मा, गाजमर्रा के विश्राम वर्मा, पटपर के हेमंत वर्मा शामिल हैं।

### उत्कृष्ट कार्य की सराहना

इस मौके पर सहायक संचालक आरके शर्मा ने बताया कि सेवानिवृत्त हो रहे श्री विजयवार ने उत्कृष्ट कार्य कर किसानों को आगे बढ़ाया। उन्होने उनके सुखद और स्वस्थ्य जीवन की कामना की।

## मेहनत करने से ही सफलता मिलती है

**राजनांदगांव।** ग्राम भोलापुर में जोन स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता 9 एवं 10 जनवरी को किया गया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू व अध्यक्षता छुरिया जनपद अध्यक्ष किरण वैष्णव ने की। विशिष्ट अतिथि जिला भाजपा उपाध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद डड़सेना, समाजसेवी नकुल नेताम, सरपंच रुखम प्रसाद पांडेय, ग्राम पटेल, मोहित सिन्हा, सोहन साहू, शिशुपाल साहू, मोहित सिन्हा आदि शामिल थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिपं अध्यक्ष श्रीमती साहू ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ हमें खेल में भी भाग लेना चाहिए। खेल से शारीरिक एवं बौद्धिक विकास होता है। खेल में जीत और हार होती है। उन्होंने कहा कि मेहनत करने से ही सफलता मिलती है, इसलिए अपने जीवन में मेहनत से कभी पीछे नहीं हटना चाहिए। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

### मनाया गणतंत्रत दिवस

**राजनांदगांव।** शहर के दिल्ली दरवाजा (सुभाष द्वार) समीप स्थित गायत्री शक्तिपीठ में देश का 75 वां गणतंत्र दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गायत्री परिवार के वरिष्ठ गोपाल राम साहू व भेष कुमार साहू थे। मुख्य अतिथियों ने प्रातः 7.30 बजे राष्ट्र गान जन-मन-गण व वंदे- मातरम नारों के बीच तिरंगा फहराया। कार्यक्रम में सूर्यकांत चितलांग्या व बृजकिशोर सुरजन, जयंती भाई पटेल, नंद किशोर सुरजन, नरेन्द्र लोहिया, अशोक खंडेलवाल, दिलीप पात्रे, श्रीकांत साकुरे, विजय कौशिक आदि उपस्थित थे।

# बाल देखरेख पर पंचायतों में कार्यशाला

- विशेषज्ञों ने ग्रामीणों को दी उपयोगी जानकारी

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बांधाबाजार**

अंबागढ़ चौकी ब्लाक की 11 ग्राम पंचायतों में मोबाईल क्रैचेस संस्था ने प्रारंभिक बाल देखरेख एवं विकास के महत्व पर कार्यशाला आयोजित किया। कार्यशाला के प्रारंभ में प्रतिभागियों के परिचय बाद आओ साथी सोच बनाए सुंदर एक संसार गीत की प्रस्तुति दी गई।



मुकेश वर्मा ने संस्था के प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छोटे बच्चों की देखरेख तथा विकास कैसा हो रहा है? छोटे बच्चों से संबंधित कार्यक्रम, उनके क्रियान्वन तथा क्रियान्वयन न होने के कारण क्या है? बाल हितैषी पंचायत बेसलाइन अध्ययन रिपोर्ट का साझाकरण कार्यशाला में किया गया। कार्यशाला में जन्म से 6 वर्ष के बच्चों की संख्या तथा आंगनबाड़ी केंद्र व स्वास्थ्य केंद्र में पंजीयन की स्थिति पर भी चर्चा की गई। पिछले 1 वर्ष में पंचायत स्तर पर बच्चों के कुपोषण की स्थिति के बारे में विचार मंथन कर आवश्यक सामुदायिक पहल करने की बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया। पंचायत स्तर पर गर्भवती महिलाओं के पंजीयन, पूरक पोषण आहार तथा संस्थागत प्रसव के बारे में संख्यात्मक जानकारी दी गई। ग्राम पंचायत विकास योजना में बाल मुद्दों का समावेश, बजट आरक्षण, स्वीकृति, क्रियान्वयन तथा जमीनी स्थिति के बारे में विवरण प्रस्तुत किया गया। कार्यशाला में मोबाईल क्रैशेज दिल्ली से अर्कजा, अजीत कुमार ने संबोधित किया। कार्यशाला में उर्वशी नेताम, ज्योति साहू, बोहरनसिंह ठाकुर, जगदीश निषाद, ज्योति नेताम, भगत उईके, ललिता नेताम, महाजन कोमरे, सुखंतीन कस्तुरे, राजेश वैद्य, सुकवारों नेताम, गोवर्धन चंद्रवंशी, गोविंद नुरेटी,बिसाहू साहू, भैयालाल कुंजाम, सुरेश हारमे, शतरूपा परतेती, केश कुमार कुंजाम, राजेश वैद्य आदि शामिल हुए।

### पुरैना में रामकथा का आयोजन जारी

# स्कूली बच्चों ने किया रामकथा का श्रवण

**हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़**

पुरैना में स्व रोपेन्द्र लोधी की स्मृति में श्री राम कथा का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के आठवे दिन स्वामी आत्मानंद सरस्वती की अमृत वाणी का श्रवण करने स्कूली बच्चे भी पहुंचे।

श्री सरस्वती ने बच्चों को नशा से दूर रहने और अपने से बड़ों का सम्मान करने प्रेरित किया। बच्चों से कहा कि सुबह उठते ही मां बाप के पैर छूना चाहिए जिससे पूरा दिन ताजगी से भरा रहे।

स्वामी जी ने आगे कहा कि श्री रामचरित मानस में वर्णन आता है



कि विशुद्ध प्रभु प्रेम की भक्तिनी शबरी ने प्रभु राम के आगमन की तब तक प्रतीक्षा किया जब तक प्रभु श्रीराम ने जूठे बेरों को पूर्ण आनंद के साथ नहीं चखा। जबकि शबरी को ऋषि मातंग ने बता दिया था कि अभी प्रभु मानव लीला करने के लिए जन्म लेंगे। विवाह के बाद 14 वर्ष के वनवास के समय प्रभु श्री राम तुम्हारे पास पधारेंगे। प्रभु के सच्चे भक्त कुछ पल या वर्ष ही नहीं कई-कई जन्मों तक प्रभु मिलन की प्रतीक्षा करने की सच्ची लगन रखते हैं। कार्यक्रम में विधायक दलेश्वर साहू, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम वर्मा, महामंत्री घनश्याम कौशिक, अंकेक्षक विमल पटेल, जिला अध्यक्ष उत्तम जंघेल, कमलेश्वर वर्मा, रजभान लोधी, ओमकार लिल्हारे आदि शामिल हुए।

### सिकलसेल-थैलेसीमिया जागरूकता अभियान

**राजनांदगांव।** दिग्विजय महाविद्यालय के एनसीसी इकाई द्वारा प्राचार्य डॉ. केएल टांडेकर के मार्गदर्शन एवं एनसीसी अधिकारी प्रो. लेखा प्रसाद उर्वशा के नेतृत्व में सिकल सेल एवं थैलेसीमिया जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता चिरंजीव पांडे द्वारा सिकल सेल और थैलेसीमिया के बारे में बताया कि ये जेनिटिक है। साथ ही यह किस तरह से फैलता है व इसके विभिन्न चरण तथा इसके लक्षण के बारे में जानकारी दी। साथ ही इस बीमारी के कारणों को बताते इसके प्रति जागरूक होने पर जोर दिया। डॉ. केशव आडिल द्वारा सिकल सेल पर पीपीटी के माध्यम से व्याख्यान दिया गया। सिकल सेल एवं थैलेसीमिया जागरूकता अभियान के अंतर्गत एनसीसी कैडेट्स द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। साथ ही जागरूकता हेतु रैली भी निकालते लोगों को इसके बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में हीरेंद्र बहादुर ठाकुर एवं एनसीसी के 64 कैडेट्स उपस्थित थे।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर कार्यक्रम



**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग द्वारा प्राचार्य डॉ. केएल टांडेकर के मार्गदर्शन एवं ग्रंथपाल परसराम व अध्यापक टिकेश कुमार के नेतृत्व में शा.उ.मा. विद्यालय सोमनी में कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति का प्रारूप, उद्देश्य, एवं महाविद्यालय की दृष्टि से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के नवीन प्रावधान एवं पद्धति इत्यादि की जानकारी प्रदान की। साथ ही विद्यार्थियों को करियर मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया। विद्यालय की प्राचार्य एस. अवस्थी ने इस कार्यक्रम को विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के विद्यार्थियों से फीडबैक प्रपत्र भरवाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के 11वीं एवं 12 वीं के विद्यार्थी शामिल हुए। महाविद्यालय के पुस्तकालय स्टाफ संजय देवांगन ने भी इस कार्यक्रम में सहभागिता प्रदान की तथा कार्यक्रम संचालन में सहयोग दिया।

### परीक्षा पे चर्चा के प्रसारण का छात्रों ने उठाया लाभ



**राजनांदगांव।** नीरज पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लाईव उद्बोधन परीक्षा पे चर्चा के प्रसारण का लाभ लिया गया तथा मोदी के मार्गदर्शन को अपने जीवन में आत्मसात करने का प्रण लिया गया। श्री मोदी द्वारा विभिन्न प्रश्नों का उत्तर देते परीक्षा से संबंधित परेशानियों के निराकरण हेतु बताए उपायों को विद्यार्थियों ने ध्यानपूर्वक सुना। विद्यार्थियों ने इस आयोजन को परीक्षा हेतु अत्यंत उपयोगी बताया। इस पर पूर्ण अमल करने की इच्छा जाहिर की। इस प्रसारण के अवसर पर प्राचार्य भारती गौते तथा शाला के शिक्षकगण उपस्थित थे।

### युगांतर स्कूल में मनाया गया शहादत दिवस



**राजनांदगांव।** युगांतर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों व शिक्षकों ने शहीद दिवस पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व देश के लिए अपने प्राणों की आहूति देने वाले शहीदों का स्मरण करते भावभीनी श्रद्धांजलि दी। शिक्षकों व बच्चों ने गांधीजी के प्रिय भजनों का गायन किया। विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि गांधीजी के आदर्शों को अपनाना कठिन है, लेकिन यह असंभव नहीं है। विद्यार्थीगण गांधीजी के सिद्धांतों पर अमल करते एक जीवन-मूल्य जरूर अपनाए। इससे विद्यार्थी गांधीजी की तरह ऊंचाइयां प्राप्त कर सकेंगे। गांधी के भजनों का गायन हिन्दी के विभागाध्यक्ष वीएन राय, राजेन्द्र तिवारी, विनय नायडू, प्रवीण राजन, आकांक्षा चतुर्वेदी, अक्षय केहरि तथा छात्र पीयूष कालबांधे, विहान कुंडलिक ने किया और उनकी शहादत को याद किया। विद्यालय में सुरेश उपाध्याय, श्वेता मुंदड़ा एवं शिक्षकों व बच्चों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

### मोखला में वार्षिक उत्सव-सम्मान समारोह आयोजित



**राजनांदगांव।** ग्राम मोखला में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला मोखला संकुल भर्रेगांव के संयुक्त तत्वावधान में 26 जनवरी को सुबह ध्वजारोहण एवं प्रभातफेरी पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। गीत, कविता, भाषण भी बच्चों द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को मोमेन्टो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिसमें प्रेमनाथ निषाद, भूपेश कुमार, महेश साहू, नोमेश्वरी साहू, यास्मीन साहू, विनय कुमार, देवा साहू, जया साहू, कुमकुम चंद्राकर, सोनम, भावना, फलेश्वरी, योगेश, वर्षा, देवकुमार, कल्पना, डिलेश्वरी सहित अन्य सम्मानित हुए। कार्यक्रम में नारायण साहू, परदेशी साहू, देवकुमार साहू, महेन्द्र निषाद, डीडी साहू, आरडी साहू, दुर्गेश साहू, जेएल साहू, डीके चंद्राकर, आरके यादव, डीके नामदेव, डीसी साहू, एमके साहू, यामिनी ठाकुर, पी. चतुर्वेदी, संगीता साहू, रुखमणी साहू, गोवर्धन साहू, उमेश साहू, बालाराम हिरवानी समेत अन्य लोग शामिल थे। कार्यक्रम का संचालक पी.चतुर्वेदी एवं आभार प्रदर्शन डीके चंद्राकर ने किया।

### 6वीं में प्रवेश के लिए लिखित चयन परीक्षा 10 को

**राजनांदगांव।** राज्य के अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के लिए पंडित जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना अंतर्गत कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु लिखित चयन परीक्षा 10 मार्च को दोपहर 12 से 2 बजे तक परीक्षा केन्द्र एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पेंड्री राजनांदगांव में आयोजित की गई है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि योजनांतर्गत लिखित चयन परीक्षा में शामिल होने तथा विस्तृत जानकारी विद्यार्थी संबंधित विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। विद्यार्थी छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी होना चाहिए। विद्यार्थी छत्तीसगढ़ राज्य में मान्य अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग का होना चाहिए। इसके लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थाई जाति प्रमाण-पत्र धारक होना आवश्यक है।

### गांधी और शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने शहीद दिवस पर मंगलवार को कलेक्टोरेट परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीदों को मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कलेक्टर अग्रवाल एवं कलेक्टोरेट के अधिकारी-कर्मचारियों ने देश के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान अपर कलेक्टर इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, एसडीएम राजनांदगांव अरूण वर्मा, संयुक्त कलेक्टर खेमलाल वर्मा सहित कलेक्टोरेट के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

### प्रशिक्षण प्राप्त करने युवाओं को किया प्रेरित

# स्टेडियम, आरोहण बीपीओ सेंटर का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

संभागायुक्त दुर्ग संभाग सत्यनारायण राठौर ने आज दिग्विजय स्टेडियम, जिला चिकित्सालय बसंतपुर एवं आरोहण बीपीओ सेंटर टेड़ेसरा का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर संजय अग्रवाल उपस्थित रहे।

संभागायुक्त श्री राठौर ने दिग्विजय स्टेडियम में भारतीय सेना में अग्निवीर एवं राज्य शासन की पुलिस भर्ती के लिए परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं से मुलाकात की और उन्हें अच्छी तरह प्रशिक्षण प्राप्त करने प्रेरित किया।

युवाओं ने उन्हें बताया कि वे देश की सेवा करने अग्निवीर परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव जिले से अधिक से अधिक युवाओं का चयन होना चाहिए। उन्होंने परीक्षा के पैटर्न और फिजिकल परीक्षा की तैयारी एवं पाठ्यक्रम की जानकारी ली और प्रशिक्षकों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने युवाओं को परिणाममूलक तैयारी करने कहा।

#### आरोहण बीपीओ सेंटर में 2 हजार सीट बढ़ाने निर्देश



#### सफाई पर दें विशेष ध्यान

संभागायुक्त श्री राठौर ने जिला चिकित्सालय बसंतपुर का निरीक्षण किया। उन्होंने ओपीडी व आईपीडी, फिजियोथैरेपी कक्ष, महिला वार्ड, ब्लड बैंक, हमर लैब का निरीक्षण किया। उन्होंने साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने कहा। संभागायुक्त ने स्टॉफ, किचन की व्यवस्था, आयुष्मान कार्ड वाले मरीज, सिकल सेल एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने टेड़ेसरा स्थित आरोहण बीपीओ सेंटर का जायजा लिया। उन्होंने वहां कार्यरत युवाओं से बातचीत की। उन्होंने आरोहण बीपीओ सेंटर में 2 हजार सीट बढ़ाने के निर्देश दिए तथा कार्ययोजना बनाने कहा। उन्होंने वहां युवाओं को मिल रहे प्रशिक्षण एवं रोजगार की प्रशंसा की। सभी को बीपीओ सेंटर को और अच्छा करने कहा।

#### अधिकारी रहे उपस्थित

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने दिग्विजय स्टेडियम में अग्निवीर अंतर्गत भारतीय सेना तथा पुलिस भर्ती के लिए की जा रही तैयारी के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने इस भर्ती परीक्षा के लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन विभाग के अधिकारियों को समन्वित तरीके से व्यवस्था करने कहा। जिला चिकित्सालय बसंतपुर में उन्होंने रक्तदान के लिए शिविर लगाने कहा। उन्होंने आरोहण बीपीओ सेंटर के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर एसडीएम अरूण वर्मा, ई-जिला प्रबंधक सौरभ मिश्रा, खेल प्रशिक्षक रणविजय प्रताप सिंह व ममता मौर्य एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

---

## कमला कॉलेज के गणित विभाग में राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के गणित विभाग में 15 जनवरी को सुबह 9.45 से 11 बजे तक मैथेमैटिकल क्विज का आयोजन किया गया। तत्पश्चात महाविद्यालय के आडिटोरियम में 11 बजे से इमर्जिंग ट्रेंड्स इन मैथेमैटिक्स राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन छग विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद तथा भारत सरकार के विज्ञान व प्रौद्योगिकी विभाग के राष्ट्रीय विज्ञान व प्रौद्योगिकी संचार परिषद के सहयोग से किया गया।

राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि डॉ. आरपी शर्मा निदेशक राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान अरूणाचल प्रदेश ने मैथेमैटिकल क्विज में भागीदारी करने वाले महाविद्यालयीन तथा विद्यालयीन छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी। साथ ही महाविद्यालय को ऐसे आयोजन के लिए सराहा। विशेष अतिथि प्रो. जीपी सिंह जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय नई दिल्ली ने डॉ. रामानुजन का जीवन परिचय तथा मैजिक स्कॉयर तथा पैट्रिनेट पर विस्तार से जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. केएल टांडेकर ने गणित के व्यापक उपयोग को रेखांकित किया। प्राचार्य डॉ. सुमन सिंह बघेल ने दैनिक जीवन में गणित के उपयोग के बारे में बताया।

#### प्रतियोगिता में दिए गए पुरस्कार

राष्ट्रीय कार्यशाला में 189 प्राध्यापक तथा विद्यार्थी पंजीकृत हुए। स्कूल स्तरीय मैथेमैटिकल क्विज प्रतियोगिता में प्रथम रॉयल किड्स कॉन्वेट स्कूल के लक्ष्य जंघेल, द्वितीय घटा पांडे श्री गुरूनानक स्कूल तथा तृतीय खिलेश्वर कंवर श्री गुरूनानक स्कूल ने प्राप्त किया। महाविद्यालय स्तरीय मैथेमैटिकल क्विज प्रतियोगिता में भिलाई महिला महाविद्यालय की कंचन साहू ने प्रथम, कमला कॉलेज राजनांदगांव की दामेश्वरी निषाद ने द्वितीय तथा दिग्विजय कॉलेज की छात्रा प्रगति साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। क्विज प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र तथा क्रमशः 1100, 500 एवं 300 रुपए देकर अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

---

## 15 दिवसीय वैल्यूएटेड कोर्स का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कॉन्फ्लुएंस महाविद्यालय में वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 15 दिवसीय वैल्यू एटेड कोर्स का आयोजन किया गया। जिसका टॉपिक स्किल डेवलपमेंट के ऊपर था। यहां 15 दिवसीय वैल्यू एटेड कोर्स में अलग-अलग प्राध्यापकों की निरंतर भूमिका रही। जिसमें मुख्य रूप से भिलाई इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी दुर्ग के प्रबंधन विभाग से श्रवण पांडे उपस्थित थे। श्री पांडे ने अपने अतिथि व्याख्यान के दौरान विद्यार्थियों को अनेक प्रकार से स्किल डेवलपमेंट की बातें बताई। जिसमें कम्युनिकेशन स्किल्स, मैनेजरियल स्किल्स, लीडरशिप स्किल्स, टाइम मैनेजमेंट स्किल्स, क्रिएटिविटी स्किल, ऑर्गेनाइजेशनल स्किल्स, मार्केटिंग स्किल्स, मोटिवेशनल स्किल, कम्प्यूटर स्किल्स, सेल्स एंड एडवर्टाइजमेंट स्किल, एजुकेशन स्किल, अकाउंटिंग एंड फाइनेंस स्किल, प्रेजेंटेशन स्किल्स, ह्युमन रिसोर्स स्किल, डिजिटल मार्केट स्किल के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया।

#### विद्यार्थियों की रही उपस्थिति

15 दिवसीय वैल्यू एडेड कोर्स में दूसरे दिन वतन सिंह राजपूत ने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के स्किल समूह के साथ-साथ लाइफ मैनेजमेंट स्किल के बारे में भी बताया। महाविद्यालय में कार्यरत प्राध्यापक आभा प्रजापति, मयंक देवांगन, धनंजय साहू, देविका देवांगन, ऐश्वर्या श्रीवास्तव, सुधीर मिश्रा एवं युक्ता साहू ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों को इस 15 दिवसीय वैल्यू एडेड कोर्स में अलग-अलग विषय वस्तु को लेकर स्किल डेवलपमेंट के बारे में बताया। जिसमें विद्यार्थियों का न केवल बौद्धिक विकास, बल्कि बौद्धिक विकास के साथ-साथ मानसिक शारीरिक एवं भविष्य में किए जाने वाले बिजनेस के बारे में भी बताया। साथ ही इस कोर्स में सभी विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों का विकास करना है।

---

## विद्यार्थियों व शिक्षकों ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



युगांतर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों व शिक्षकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में भाग लिया। प्राचार्य अभिषेक खंडेलवाल की अगुवाई में विद्यार्थियों व शिक्षकों ने ऑनलाइन कार्यक्रम का लाभ लिया।

प्राचार्य ने बताया कि कार्यक्रम के जरिये विद्यार्थियों ने परीक्षा का तनाव खत्म करने की कला सीखी। उन्होंने इस रचनात्मक कार्यक्रम के आयोजन के लिए प्रधानमंत्री का आभार माना है। इस आयोजन के लिए विद्यालय के चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, पीआरओ दिनेश प्रताप सिंह, प्रशासक सुरेंद्र भार्गव सहित युगांतर परिवार ने हर्ष प्रकट किया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि परीक्षा के लिए तनाव लेना उचित नहीं है। समुचित कार्ययोजना के साथ शिक्षकों व पालकों के निरंतर संपर्क में रहते अपने पाठ्यक्रम को एक निर्धारित समय-सीमा के अनुरूप तैयार करने से सफलता निश्चित मिलती है। तनाव में रहकर कार्य करने से कोई भी कार्य सफल नहीं होता। विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्न के उत्तर देते उन्होंने कहा कि विद्यार्थी की स्वयं की तैयारी लिखित अभ्यास द्वारा होनी चाहिए। इससे वह परीक्षा कक्ष में घबराता नहीं है।

---

### कमला कॉलेज में रक्तदान शिविर आज

**राजनांदगांव।** छात्र युवा मंच का 85वां रक्तदान शिविर, सिकलसेल हीमोग्लोबिन जांच व ड्राईविंग लाइसेंस शिविर कमलादेवी कॉलेज में कल 2 फरवरी को होगा। रक्तदान से मानव जीवन बचाने व रक्तदान जागरूकता के लिए छात्र युवा मंच संगठन द्वारा शहर के सभी कॉलेज में निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में शहर के शासकीय कमलादेवी राठी महाविद्यालय में रक्तदान शिविर, सिकलसेल जांच, हीमोग्लोबिन जांच, दंत परीक्षण, ड्राईविंग लाईसेंस शिविर व युवा सम्मान समारोह का आयोजन महाविद्यालय छात्राओं के लिए आयोजित किया जा रहा है। साथ ही देव संस्कृति, भारतीय सभ्यता के अनुरूप जन्मदिन मनाने के अभिनव पहल से जोड़ने विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक महाविद्यालय परिसर में आयोजित किया जाएगा।

---

## शहर के सर्वश्रेष्ठ बॉडी बिल्डर बने संतोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



स्व. पुरूषोत्तम आजमानी (सत्तू भैया) के स्मृति में आयोजित जिला जिम संचालक संघ, जिला सतनामी सेवा समिति व जय भवानी व्यायाम शाला के तत्वावधान में 27 जनवरी को शहर इंटरजिम लेवल बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता 2024 सतनाम भवन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धनेश पाटिला व अध्यक्षता सूर्यकुमार खिलारी ने की। विशिष्ट अतिथि मदन सिंह कोठारी, अशोक चौधरी, जीपी रात्रे, कुलबीर सिंह छाबड़ा, डॉ. थानेश्वर पाटिला, अजय श्रीवास्तव, अनुप हरिहारनो, डॉ. रोहन सोनकर, रंजना सोनकर, राजेन्द्र भारती, आत्माराम रात्रे, प्रतिमा बंजारे, अंजू बंजारे, खिलेश बंजारे आदि शामिल थे।

स्पर्धा के परिणाम में प्रथम समूह वर्ग में संतोष साहू प्रथम, टिकेश सोनकर द्वितीय, त्रिदेव नेताम तृतीय, विक्रेम चंद्रवंशी चतुर्थ, भुपेश टेकाम पंचम, द्वितीय समूह वर्ग में अनिकेत साहू प्रथम, मनीष ठाकुर द्वितीय, क्रीश पाल साहू तृतीय, आकाश सारथी चतुर्थ, सानु वर्मा पंचम, तृतीय समूह वर्ग में अभय शुक्ला, जुनैद खान, प्रवीण पटेल, जीतेश साहू, विनय सोनी, चतुर्थ समूह वर्ग में तुषार सोनी प्रथम, मयंक सार्वा द्वितीय शामिल थे।

स्पर्धा में चैम्पियन ऑफ चैम्पियन का खिताब संतोष साहू को मिला। इसी प्रकार अभय शुक्ला को बेस्ट पोजर 2024 के खिताब से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक शेख वसीम, विवेक रंजन सोनी, बसंत मैगी, नीरज शुक्ला, अशोक श्रीवास, नाहिद अख्तर, मनोज यादव, नितिन शर्मा थे। उक्त जानकारी तामेश्वर बंजारे ने दी।

---

### छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

# राज्य स्तरीय वार्षिक स्नेह सम्मलेन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



स्टेशनपारा स्थित महाराष्ट्रीयन तेली समाज भवन परिसर में दो दिवसीय राज्य स्तरीय वार्षिक स्नेह सम्मलेन व हल्दी कुमकुम का आयोजन हुआ। सम्मेलन में अतिथिजनों व समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा समाज के संत संताजी जगनाडे महाराज की पूजा-अर्चना व दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। साथ ही समाज के अध्यक्ष राजेश समरीत व सचिव चंद्रशेखर बावनकर द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया।

युवा मंडल अध्यक्ष प्रकाश समरीत ने बताया कि यह सम्मेलन हर वर्ष आयोजित किया जाता है। दो दिवसीय आयोजन में प्रथम दिवस बच्चों के खेलकूद, दौड़, कुर्सी दौड़, रंगोली, मेहंदी व अन्य प्रतियोगिता आयोजित की गई। द्वितीय दिवस सांस्कृतिक कार्यक्रम, बच्चों के फैंसी ड्रेस व समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

महिला मंडल अध्यक्ष मंजू बूटले ने बताया कि समाज द्वारा आयोजित वार्षिक स्नेह मिलन में महिला मंडल द्वारा राम मंदिर निर्माण व रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा पर आधरित उत्सव की नयनाभिराम प्रस्तुति दी। साथ ही शिव तांडव व देशभक्ति गीत पर नृत्य हुए। कार्यक्रम में सामाजिकजन राम मंदिर निर्माण के उत्सव में झूमते नजर आए।

#### कारसेवकजनों का सम्मान

अयोध्या में 1990 में राम जन्मभूमि के लिए समाज के रामभक्त गजेंद्र लांबट व विजय बुरांडे ने कारसेवक के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान की थी। मंदिर निर्माण अवसर पर समाज द्वारा भगवा गमछा, श्रीफल व रामजी की छायाप्रति भेंट कर सम्म्मनित किया गया। समारोह का संचालन मनीषा महाकालकर व अभिषेक गिरेपुंजे ने किया। कार्यक्रम में अतिथियों का उपाध्यक्ष संतोष समरीत, कोषाध्यक्ष चंद्रभूषण गायधनी, कार्यकारणी सदस्य रमा देशमुख ने आभार व्यक्त किया।

---

## वेतन की मांग पर सफाई कर्मियों का हड़ताल जारी



**राजनांदगांव।** नगर निगम के सफाई कर्मियों का विगत दो तीन माह से रूके वेतन को दिए जाने की मांग को लेकर आज कर्मचारियों ने हडताल कर दिया और निगम परिसर पहुंचकर अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। अधिकारियों के आश्वासन पश्चात सफाई कर्मी वापस लौटे। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर निगम के नियमित एवं अनियमित सफाई कर्मचारियों का रूका हुए वेतन को दिए जाने की मांग पर सफाई कर्मचारी नगर निगम कार्यालय परिसर पहुंचे, जहां अपनी मांग अधिकारियों के समक्ष रखी। बताया गया कि नगर निगम के नियमित एवं अनियमित सफाई कर्मचारियों का दो-तीन माह का वेतन लंबित है। जिसके कारण उन्हें समस्याओं का सामना करना पड रहा है। कर्मचारियों ने रूके हुए वेतन प्रदान करने की मांग करते हुए कहा कि वेतन भुगतान न होने की स्थिति में हडताल जारी रहेगी। इस मौके पर निगम के अधिकारियों ने उन्हें आश्वासन दिया। नगर निगम सफाई कर्मचारी संघ के बैनर तले सफाई कर्मचारियों ने उक्त मांग रखी।

सार समाचार



## वन कर्मियों का चार सूत्रीय मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल

**राजनांदगांव।** चार सूत्रीय मांग को लेकर छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी संघ के बैनर तले वन कर्मियों ने गुरुवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दिया है। इस दौरान संघ के पदाधिकारी एवं कर्मियों ने जमकर नारेबाजी करते अपनी मांग बुलंद की।

शहर के कलेक्टोरेट के सामने फ्लाई ओवर के नीचे छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी संघ के बैनर तले वनकर्मी एकत्र हुए, जहां धरना देकर चार सूत्रीय मांग को पूरी करने की आवाज बुलंद की। संघ द्वारा प्रमुख मांगों में लघु वनोपज संघ से वर्ष 2009 में वन कर्मचारी संघ से समझौते के अंतर्गत उप वनक्षेत्रपाल के 180 पद स्वीकृत किए गए थे, जिसे वर्तमान में विलोपित कर संविदा 180 पद में नई नियुक्ति की जा रही है। जिससे वनपालो की पदोन्नति प्रभावित हो रही है। 180 पदों की संविदा पर नियुक्ति तत्काल बंद की जाए। वन विभाग के कर्मचारी 24 घंटे अपने कर्तव्य का पालन करते हैं, इसलिए वन विभाग के वनरक्षको को 2400, वनपाल को 2800, उप वनक्षेत्रपाल को 4200 रुपए का नया ग्रेड-पे स्वीकृत किया जाए, विभागीय सेटअप विगत 10-15 वर्षों से पुनरीक्षित नहीं किया गया है। जिससे कार्य क्षेत्र एवं कर्मचारियों की संख में बहुत ज्यादा असंतुलन है। जिससे वन एवं वन्यप्राणी की सुरक्षा प्रभावित हो रही है, जिसे पुनरीक्षित विभागीय सेटअप तत्काल लागू किया जाए। छग शासन वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग रायपुर के आदेश क्रमांक एफ-2-13 /2023/10-1 वन नवा रायपुर 20-7-2023 के अनुसार वन विभाग में विभागीय सेटअप स्वीकृति 26-03-2003 के बाद नियुक्त किए गए समस्त वनरक्षको का वेतनमान 3050-4590 को मान्य किया गया है। उक्त आदेश का पृष्ठांकन क्रमांक 7 में सचिव छग शासन वित्त विभाग नवा रायपुर की आदेश के परिपालन हेतु वित्त विभाग के माध्यम से छत्तीसगढ़ के समस्त कोष लेखा एवं पेंशन/ समस्त जिला कोषालय को पालन हेतु निर्देशित करने की समुचित कार्रवाई किया जाए।

पदाधिकारियों की रही उपस्थिति- उक्त प्रदर्शन के दौरान छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी संघ संभाग अध्यक्ष दुर्ग विनोद मिश्रा, जिलाध्यक्ष अजीत दुबे, प्रांतीय पदाधिकारी श्याम मिश्रा, मुक्तेश्वर वर्मा, जिला सचिव पवन देवांगन, जिला उपाध्यक्ष डुमन साहू, आजाद राय, कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार श्रीवास, संघ के पूर्व सदस्य सईद शेख, ब्लॉक अध्यक्ष भावदास साहू, कमलेश जांगडे, चंदूलाल हरदेव, देवेन्द्र सलामे, विकास सिंह, हेमलाल साहू, अमन कुमार, अविनाश साहू, दिलीप देवांगन, भारती साहू, भारतीय श्रीवास्तव, लक्ष्मी सहित अन्य उपस्थित थे।

## मोहड़ में सत्संग आयोजित



**राजनांदगांव।** मोहड़ वार्ड नं. 49 में सदगुरु कबीर नवयुवक समिति आमीन माता महिला मंडल व वार्डवासियों के तत्वावधान में आयोजन किया गया। जिसमें महंत राजूदास साहेब व संत मंडली द्वारा सत्संग प्रेमी को भजन व सत्संग सुनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस दौरान संतोष साहू, यशवंत साहू, प्रेमचंद साहू, उकेश कुमार साहू, जितेंद्र साहू, शेखर साहू, जितेंद्र साहू, नारायण साहू शामिल थे।

## गांव चलो अभियान की कार्यशाला मंडलों में आज से

**राजनांदगांव।** भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा चुनाव को लेकर महत्वाकांक्षी गांव चलो अभियान की कार्यशाला जिले के मंडलों में कल 2 व 3 फरवरी को आहूत की गई है। जिसमें पार्टी के वरिष्ठ नेता विभिन्न मंडलों में जाकर इस कार्यशाला के कार्य का संपादन करेंगे। जिला भाजपा मीडिया सेल के अनुसार कल 2 फरवरी को शहर भाजपा उत्तर मंडल की बैठक खूबचंद पारख व सावन वर्मा लेंगे। इसी प्रकार दक्षिण मंडल की बैठक राजेन्द्र गोलछा व कोमल सिंह राजपूत लेंगे। वहीं डोंगरगढ़ शहर मंडल की बैठक विनोद खांडेकर व मूलचंद लोधी के जिम्मे है। इसी प्रकार घुमका मंडल की बैठक संतोष अग्रवाल व राजेश श्यामकर करेंगे। डोंगरगांव मंडल दिनेश गांधी व दिनेश साहू तथा कुमर्दा मंडल रविन्द्र वैष्णव व कैलाश शर्मा की उपस्थिति में होगी। पार्टी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 3 फरवरी को राजनांदगांव ग्रामीण मंडल बैठक सचिन सिंह बघेल व लीलाधर साहू की उपस्थिति में होगी। इसी प्रकार लालबहादुर नगर मंडल की बैठक एमडी ठाकुर व भरत वर्मा की उपस्थिति में, छुरिया मंडल की बैठक गीता साहू व चनद्रिका प्रसाद डड़सेना की उपस्थिति में संपन्न होगी। जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल ने सभी मंडल अध्यक्षों को उपरोक्तानुसार आहूत करने का आह्वान किया।

उपलब्ध है
आवासीय प्लाट
शानदार लोकेशन
बसंतपुर राजनांदगांव में
25x50 उपलब्ध है.
सम्पर्क
62613-39229




### केंद्र सरकार के बजट को लेकर मिली-जुली प्रतिक्रिया

# बजट: भाजपा ने सराहा, कांग्रेस ने नकारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को संसद में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अंतरिम बजट पेश किया। मोदी सरकार के मौजूदा कार्यकाल का यह चुनाव के पहले पेश होने वाला अंतिम बजट था। अपने बजट भाषण में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण करीब एक घंटे तक बोली। बजट से लोगों को काफी उम्मीदें थी। बजट को लेकर जिलेभर के नेताओं की प्रतिक्रिया सामने आ रही है। एक ओर जहां भाजपा के नेता इस बजट को भारत को मजबूती देने वाला बजट बता रहे हैं, वहीं कांग्रेसी नेता इसे आम जनता के साथ छलावा करार दे रहे हैं।

## पीएम की गारंटी के अनुरूप बजट



सांसद संतोष पांडेय ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते बजट को प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी के अनुरूप बताया है। उन्होंने कहा कि पांच वर्ष में दो करोड़ घर, पांच साल तक आठ करोड़ जनता को मुफ्त राशन, घरों को सोलर एनर्जी से रोशन करने की योजना और इलेक्ट्रिक गाड़ियों को बढ़ावा देना भविष्य के भारत की सोच है। मछुआरों की वित्तीय स्थिति में सुधार गरीबों की चिंता है। युवा, महिला,गरीब और किसानों को केन्द्रित कर तैयार किया गया बजट, गरीब और माध्यम वर्ग का विकास करेगा। यह बजट आगामी पूर्णकालिक बजट का प्रतिबिम्ब है, जो अतुलनीय है। जिसमें तीन करोड़ लाभान्वित दीदियां भी होंगी। बजट के लिए सांसद पांडेय ने प्रधानमंत्री मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को बधाई देते आभार व्यक्त किया है।

## गति प्रदान करने वाला बजट



पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने इस बजट को विकसित भारत के संकल्प को गति प्रदान करने वाला बजट बताया है। उन्होंने बजट पर प्रतिक्रिया देते इसे गरीबों, महिलाओं, युवाओं एवं किसानों पर केंद्रित एवं उन्हें लाभान्वित करने वाला बजट बताया है। इस बजट में प्रत्यक्ष कर एवं अप्रत्यक्ष कर में बढ़ोतरी न कर लोगों को राहत प्रदान करने का प्रयास किया गया है। वहीं हेल्थ सेक्टर, शिक्षा, रेलवे, कृषि, हाउसिंग, रिन्यूएबल एनर्जी, आदि क्षेत्र में बजट प्रावधान कर देश की अर्थव्यवस्था के बहुमुखी विकास एवं व्यापक स्थिरता पर बल दिया गया है। जिसके दूरगामी सुखद परिणाम भविष्य में परिलक्षित होंगे।

## उपलब्धियों से भरा बजट



वरिष्ठ भाजपा नेता एवं अधिवक्ता सुरेश. एच लाल ने कहा कि 17वीं लोकसभा की समाप्ति और 18वीं लोकसभा की संरचना के दरम्यान वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला ने अंतरिम बजट प्रस्तुत किया है। बजट की प्रस्तावना में 10 वर्षों की उपलब्धियों का कथन रहा है। गहन संतुष्टि एवं आत्मविश्वास से युक्त श्रीमती निर्मला ने 25 करोड लोगों को गरीबी रेखा से उबारने, गरीब और कमजोर वर्ग को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ने, 3 करोड़ आवास निर्माण, सीधे लाभ प्रदाय योजना, 1.4 करोड़ युवाओं को कौशल विकास, 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी का स्तर दिलवाने एवं औसत आय डेढ़ गुणा करने आदि का उल्लेख किया। इसके सिवाय नए विश्वविद्यालय, एम्स, हवाई अड्डे, राजमार्ग, रेलवे कॉरिडोर, मेट्रो लाइन के विस्तार इत्यादि अधोसंरचनागत उपलब्धियों का उल्लेख किया।

## विकसित भारत की नींव होगी मजबूत



भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री खूबचंद पारख ने कहा कि आज का बजट विकसित भारत का एक विजन प्रस्तुत करने वाला बजट है। आज के बजट में भारत के सर्वांगीण विकास के प्रावधान देखने को मिल रहा है। बजट में स्किल डेवलपमेंट को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। जिसके कारण देश का रोजगार तेजी से बढ़ेगा। बजट में देश का पूंजीगत व्यय 11 प्रतिशत और बढ़ा दिया गया है। अब यह 11 लाख करोड़ होगा। पूंजीगत व्यय से देश में एक तरफ आधारभूत संरचना मजबूत होगी। वहीं निवेश की संभावनाएं भी बढ़ेगी और बड़ी मात्रा में रोजगार का सृजन होगा।

## देश को मजबूती देने वाला बजट



भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेश डुलानी ने बजट की सराहना करते कहा कि यह बजट विकसित भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। दुनिया में भारत को तीसरी नंबर की अर्थव्यवस्था बनाने का संकल्प, जो प्रधानमंत्री मोदी ने किया है, उसी के अनुसार वित्तमंत्री का यह बजट देश की आर्थिक क्षेत्र को मजबूत करने वाला है। यह बजट देश में उद्योग की तरक्की करने वाला और नए रोजगार क्रिएट करने वाला है।

## सर्वजनहिताय सर्वजनसुखाय वाला बजट



प्रदेश भाजपा प्रवक्ता नीलू शर्मा ने बजट को सर्वजनहिताय सर्वजनसुखाय की भावना से परिपूर्ण बजट बताया है, जो भारत देश को 2047 तक विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में मिल का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि आज का बजट मुख्य रूप से किसानों की आय बढ़ाने, देश की महिलाओं के सशक्तिकरण, युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर उत्पन्न करने एवं देश की जनता को शासकीय योजनाओं से प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित करने की सद्भावना एवं लक्ष्य को ध्यान में रखकर बनाया गया बजट है। अर्थव्यवस्था के सुदृणीकरण करने, लोगों की आय एवं जीवन स्तर में वृद्धि करने, जनता को सुशासन, विकास एवं जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने की दिशा में केंद्र सरकार की प्राथमिकता इस बजट में स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है।

## भारत को नई ऊंचाई देने वाला बजट



भाजपा के जिलाध्यक्ष रमेश पटेल ने कहा कि मोदी सरकार का यह अंतरिम बजट देश के विकास में नई ऊर्जा लाएगा। जिससे देश नहीं ऊंचाइयां छूएगा। उन्होंने कहा कि एक करोड़ घरों को 300 यूनिट मुफ्त सोलर बिजली दिए जाने से जरूरतमंदों को बड़ी राहत मिलेगी। वहीं ग्रामीण इलाकों में 2 करोड़ नए घर बनने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था में भी एक बड़ी तेजी दिखने के साथ गरीबों को अपनी छत मिलने से उनके जीवन का बड़ा सपना साकार होगा।

## बजट में सभी के लिए प्रावधान



भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष संतोष अग्रवाल ने कहा कि मोदी सरकार के इस बजट में महिला, किसान, युवा एवं श्रमिकों का समुचित ध्यान रखा गया है। अब हमारी एक करोड़ और बहनें लखपति दीदी बनेगी और अपने जीवन को स्वाभिमान और गर्व के साथ जीकर देश की तरक्की में अपना योगदान देगी। 1 करोड़ करदाताओं को उनके 10 वर्षों से लंबित 10 हजार तक के टैक्स से माफी एक ऐतिहासिक कदम है। भारत के आर्थिक हालातों में 10 वर्षों में हुए बदलावों पर श्वेत पत्र जारी करने की घोषणा बताती है कि मोदी सरकार परफॉर्मेंस में कितना विश्वास रखती है।

## चार स्तंभ को मजबूत करने वाला



जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी ने कहा कि मोदी सरकार का यह बजट चार स्तंभ को मजबूत करने वाला है, महिला, युवा, किसान व गरीब को। मोदी सरकार सबका साथ- सबका विकास को लक्ष्य बनाकर लगातार काम कर रही है। इसी कड़ी में सरकार का बजट मिल का पत्थर साबित होगा।

## कर में कोई नया बदलाव नहीं



टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल किशोर साहू कहा कि वर्ष 2024 25 के लिए वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा आगामी तीन माह के लिए अंतरिम बजट पेश किया गया। जिसमें प्रत्यक्ष कर में किसी प्रकार का बदलाव नहीं किया है। आयकर की सीमा को नए विकल्प में 7 लाख तक आय को कर से मुक्त तथा 50 हजार मानक कटौती कुल 7.5 लाख रुपए तक आय पर करमुक्त है, जिसे यथावत रखा गया है।

सरकार ने आयकर में पहचान रहित (फेस लेस) अपील, रिफंड प्रोसेसिंग 93 दिन से घटाकर 10 दिन किया है, जो करदाताओं के लिए बड़ी राहत है। अप्रत्यक्ष कर अंतर्गत जीएसटी में औसतन मासिक कर संग्रहण 1.66 लाख करोड़ हो गया है। प्रस्तुत बजट में वित्तीय घाटे को नियंत्रित रखते विकसित भारत के संकल्प की दिशा में अग्रसर हो रहा है।

## विकसित भारत का बजट



भाजयुमो प्रदेश मंत्री आलोक श्रोती ने अंतरिम बजट पर प्रतिक्रिया देते कहा कि मोदी सरकार 2.0 ने पिछले 5 वर्षों के दौरान अंत्योदय गरीब, कल्याण, नारी उत्थान पर विशेष ध्यान दिया है, अगर अंत्योदय की बात करें तो सरकारी योजनाओं की पहुंच समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक भी पहुंची है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना जैसी वृहद एवं गरीब स्पर्शी योजना के जरिये सरकार गरीबों के साथ सदैव खड़ी रही है। लखपति दीदी योजना हो या प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अन्य योजनाओं में महिलाओं को वरीयता मिली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने नारी सशक्तिकरण के नारे को जीवंत कर दिखाया है। मोदी सरकार के कार्यकाल में सबसे ज्यादा आईआईटी और आईआईएम खोले गए हैं।

## किसानों व देश को पहुंचेगा लाभ



राजेश गुप्ता अग्रहरि ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार द्वारा लोकसभा चुनाव के पूर्व 1 फरवरी को लाए गए अनुपूरक बजट में मध्यम वर्गीय लोगों व किसानों को लाभ पहुंचाने का काम किया गया है। इसके अलावा देश को आगे बढ़ाने हरसंभव व्यवस्था की गई है। मीडिल क्लास के लोगों के लिए जहां 7 लाख की आय पर टैक्स में छूट दी गई है। इससे 4 से साढ़े 4 लाख तक के मीडिल क्लास के लिए एक्जर्शन होगा।

पहले साढ़े 3 लाख तक पर टैक्स नहीं था, अब इसे बढ़ाकर 7 लाख कर दिया गया है। वहीं दुग्ध उत्पादक किसानों को फायदा उपलब्ध कराने सहित मछुआरों को 55 लाख नौकरियां, पीएनजी सीएनजी की जगह बायो गैस को बढ़ावा देने तथा पर्यटन क्षेत्र में बढ़ावा के अलावा हवाई योजना को छोटे शहरों से जोड़ने की योजना देश के हर वर्ग को लाभ पहुंचाने वाला सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि यह बजट गरीब, किसान, महिलाओं को आगे लाने का काम करेगा, वहीं युवाओं के लिए भी यह बजट कारगार होगा।

## अंतरिम बजट स्वागत योग्य



भाजपा नेता कैलाश शर्मा ने अंतरिम बजट का स्वागत किया है। तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। महिला सशक्तिकरण की दिशा में यह बहुत मजबूत कदम उठाया गया है। अगर महिलाओं को सशक्त करेंगे तो जीडीपी ग्रोथ 8 से साढ़े 8 फीसदी पहुंच सकती है। महिलाओं की अर्थव्यवस्था में भागीदारी को बढ़ाना बेहद जरूरी है, इसलिए यह कदम बहुत महत्वपूर्ण है। कैलाश शर्मा का मानना है कि सरकार की बड़ी उपलब्धि है कि 24 करोड़ 80 लाख लोग बहुआयामी गरीबी सूचकांक से बाहर निकले हैं। इसका पैमाना हेल्थ, एजुकेशन और स्टैंडर्ड ऑफ लिविंग है। इसका मतलब ये हुआ कि लोगों को अच्छी सेहत मिल रही है।

## महत्वपूर्ण योजनाओं का बजट



भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला मोर्चा की कार्य समिति सदस्य संगीता आदित्य मिश्रा ने अपने बयान में छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार के कैबिनेट में महतारी वंदन योजना को लागू करने की प्रशंसा करते कहा कि यह योजना महिलाओं के साथ लिंग विभेद, असमानता, जागरूकता की कमी होने के फलस्वरूप समाज में महिलाओं के विरूद्ध भेदभाव को समाप्त करने एवं महिलाओं के स्वास्थ्य व पोषण स्तर में सुधार लाने वाली एक बहुत महत्वपूर्ण योजना है।

## दूरगामी सोच का है यह बजट



छत्तीसगढ़ यूथ फॉर वेलफेयर संगठन के अध्यक्ष रमेश गंगवानी ने अंतरिम बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जारी किया गया बजट मुख्य रूप से महिलाओं, गरीबों किसानों, युवाओं पर ध्यान केंद्रित करता है। युवाओं के लिए अनुसंधान और नवाचार पर एक लाख करोड़ रुपए के फंड बनाने की घोषणा की गई है। जिससे देश में वैज्ञानिक सोच व इनोवेशन को बढ़ावा मिलेगा। टैक्स स्लैब में किसी भी तरह का बदलाव न कर मध्यम वर्ग को राहत दी गई है। यह बजट सबका साथ - सबका विकास, और सबका विश्वास का बजट है।

## सर्वांगीण विकास करने वाला बजट



जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू ने कहा कि यह बजट सर्वांगीण विकास करने वाला बजट है। उन्होंने कहा कि इस बजट में गरीब, महिलाएं, युवाओं और अन्नदाता (किसानों) सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। बजट में महिलाओं व बच्चों पर भी विशेष ध्यान रखा गया है। गरीब माध्यम वर्ग के लिए आवास योजना दे रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना में 66% बढ़ोतरी की गई है। पीएम आवास योजना के लिए कुल 79 हजार करोड़ रुपए रखा गया है।

उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार द्वारा घर, पानी, बिजली मुहैया कराई जा रही है। बजट में करीब एक करोड़ महिलाएं लखपति दीदी बनी, अब 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य है। अन्नदाता किसानों के लिए पीएम किसान योजना से 11.8 करोड़ लोगों को आर्थिक मदद मिली है।

## मातृशक्ति को मिलेगा बल



जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिक्षा सूर्यकांत भंडारी ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते बजट को विकसित भारत का बजट बताया है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जो बजट पेश किया है, उससे मातृशक्ति को बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि वित्तमंत्री द्वारा पेश किए गए बजट में लखपति दीदी को बढ़ावा दिया गया है। सरकार ने दो करोड़ से बढ़ाकर तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने का निर्णय लिया है। इससे महिलाओं के जीवन में बदलाव आएगा और लखपति दीदी से आत्मनिर्भरता आएगी।

## नींव को मजबूत करने की गारंटी



भारतीय जनता युवा मोर्चा (द) के अध्यक्ष प्रखर श्रीवास्तव ने कहा कि यह बजट 2047 के विकसित भारत की नींव को मजबूत करने की गारंटी वाला बजट है। इस बजट में युवा भारत की युवा आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। बजट में दो महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। अनुसंधान और नवाचार पर 1 लाख करोड़ का फंड बनाने की घोषणा की गई है। बजट में स्टार्टअप को मिलने वाले टैक्स छूट के विस्तार का भी ऐलान किया गया है। नौ करोड़ महिलाओं से जुड़े 83 लाख स्वयं सहायता समूहों अहम योगदान रखते हैं। उनकी कामयाबी से एक करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने में मदद मिली है।

## मोदी की गारंटी से परेशान



महापौर हेमा देशमुख ने केंद्र सरकार के अंतरिम बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि नारी शक्तियों को सिर्फ धोखा और झांसा देने का काम केंद्र सरकार 10 साल से कर रही है। उसी तर्ज पर महतारी वंदन योजना की मोदी गारंटी में छग की महिलाओं को शर्तों का सामना करना है। केंद्र सरकार ने बजट में महिलाओं के लिए ऐसा कोई रोडमैप प्रस्तुत नहीं किया है। जिससे महिलाएं आत्मनिर्भर होकर सशक्त हो सके, सिर्फ योजनाओं के लाभार्थियों के आंकड़ों को गिनाकर वाहवाही लूटने का काम केंद्र सरकार कर रही है। कुल मिलाकर अंतरिम बजट में महंगाई , बेरोजगारी कम करने के लिए जनता को मजबूत योजना का लाभ देने का कोई रोड मैप इस बजट में नहीं है

## खोखला अंतरिम बजट



शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते कहा कि जुमलों, झांसों, झूठ व आंकड़ों की हेराफेरी करने वाला निरस, दिशाहीन बजट है। उन्होंने कहा कि एक ओर वित्त मंत्री ने दावा किया है कि विगत 10 सालों में 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर निकाला है, फिर सवाल उठता है कि आज भी 80 करोड़ लोगों को गरीब बताकर हर माह 5 किलो मुफ्त राशन क्यों दिया जा रहा है? यदि 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से नीचे से निकाला है तो आमजन की आय क्यों नही बढ़ी, बेरोजगारी विगत 45 सालों में सबसे जयादा क्यों है? घरेलू कंजम्शन कम क्यों हो रही है?

## महंगाई कम करने प्रावधान नहीं



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव मेहुल मारू ने आम बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते कहा कि यह बजट मोदी सरकार का अंतिम बजट साबित होगा। देश में महंगाई सबसे बड़ा मुद्दा है, लेकिन बजट में महंगाई कम करने का कोई प्रावधान नहीं है। बजट में महिलाओं, किसानों और युवाओं को लेकर कोई ठोस बात नहीं कही गई है। सारा कुछ जुमले की तरह है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल, डीजल, गैस सिलेंडर की कीमतों को कम किया जाना चाहिए था, लेकिन मोदी सरकार ने यहां भी जनता के साथ छल किया है और आम जनता को कोई राहत नहीं मिली। छत्तीसगढ़वासियों के लिए भी बजट में कोई बड़ा ऐलान नहीं होना निराशाजनक है।

## मोदी की गारंटी से उठ रहा भरोसा



कांग्रेस के संभागीय प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिंटू ने कहा है कि भाजपा अपने संकल्पों को तत्काल साकार करें और जनता को दी गई सभी मोदी गारंटियों को शीघ्र लागू करे। विधानसभा चुनाव के पहले छत्तीसगढ़ की तीन करोड़ जनता से भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में 178 वादे किए थे, इन्हें मोदी की गारंटी के नाम से जारी किया गया था। अब इन गारंटियों को पूरा कर जनता को राहत देने के बजाय विभिन्न बहानों का सहारा लिया जा रहा है। इन गारंटियों में से जिन पर कोई भार नहीं आ रहा है, उनके पूरा किए जाने का ढोल पीटा जा रहा है। श्री पिंटू ने भाजपा पर झूठ बोलकर प्रदेश की सत्ता हथियाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार मोदी गारंटियों को झूठ का पुलिंदा न साबित होने दे? यही जनता के लिए हितकारी होगा। श्री पिंटू ने जारी बयान में मांग की है कि प्रदेश की 18 वर्ष से अधिक आयु सीमा की समस्त माताओं-बहनों को महतारी वंदन योजना का लाभ तत्काल मिलना चाहिए, जिन्हें चुनाव पूर्व मोदी की गारंटी नंबर दो कहकर प्रचारित किया गया था। उन्होंने कहा कि चुनाव के पहले प्रदेश में मोदी गारंटी की बात कही गई थी लेकिन दो माह बाद भी प्रदेश सरकार ने कोई घोषणा नहीं की है।

## बजट में कोई ठोस बातें नहीं



युवक कांग्रेस के जिला महासचिव आफताब अहमद ने केंद्रीय बजट की आलोचना करते कहा महंगाई सबसे बड़ा मुद्दा है। केंद्र सरकार से उम्मीद की जा रही थी कि वित्त मंत्री द्वारा किचन का बजट कम करने ठोस और स्पष्ट प्रावधान किए जाएंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। बजट में महिलाओं, किसानों और युवाओं के लिए कोई ठोस बातें नहीं है। चुनावी साल में पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस के मूल्य में कमी होने की उम्मीद पूरे देश के नागरिक कर रहे थे, लेकिन आम जनता की उम्मीदों पर पानी फिर गया।

## अपेक्षाओं से कोसों दूर बजट



राष्ट्रीय को-ऑर्डिनेटर प्रभारी उड़ीसा अब्दुल कलाम खान ने कहा कि मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल के आखिरी बजट में भी बुनियादी सवालों और आम जनता की जरूरतों को पुनः नजर अंदाज कर दिया है। बजट भाषण में युवाओं को केवल स्किल डेवलपमेंट का झुनझुना मिला। देश के किसान से 2022 तक आय दुगुनी करने का वादा था, स्वामीनाथन कमेटी की सिफारिश लागू करने का वादा था, पूर्व में एमएसपी की कानूनी गारंटी देने का आश्वासन भी दिए, लेकिन बजट में उस पर कोई प्रावधान नहीं है।

## निराशाजनक बजट



जिला कांग्रेस कमेटी व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सैय्यद अफजल अली ने कहा कि केंद्र सरकार का यह बजट कार्पोरेट हितों को बढ़ाने वाला बजट है। भारतीय जन-मन के साथ एक धोखा और छलावा है। भाजपा सरकार का यह अंतरिम जनविरोधी बजट हैं। निश्चय ही उनका अंतिम बजट सिद्ध होगा। देश महंगाई और बेरोजगारी की चरम सीमा पार कर रहा है, लेकिन बजट में आय के श्रोत बढ़ाने कुछ भी नहीं है। यह आम जनता के लिए निराशाजनक बजट है।

## कार्यशाला में चारों विकासखंडों में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों के पालक व शिक्षक शामिल हुए

# अभिभावकों व विद्यालय के शिक्षकों का वातावरण निर्माण के लिए कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

गुरूवार को जिला मिशन संचालक एवं कलेक्टर जनमेजय महोबे के निर्देश एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संदीप कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में समग्र शिक्षा अंतर्गत समावेशी शिक्षा के तहत जिला स्तरीय एक दिवसीय दिव्यांग बच्चों के पालकों, अभिभावक एवं उनके विद्यालय के शिक्षकों का वातावरण निर्माण के लिए कार्यशाला आयोजित किया गया।

इस कार्य शाला में चारो विकासखंडों में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों के पालक व शिक्षक शामिल हुए। कार्यशाला में जिला शिक्षा अधिकारी एमके गुप्ता ने मां सरस्वती पूजन करते हुए प्रारंभ किया, उन्होंने बताया कि दिव्यांगता कोई अभिशाप नहीं अपितु एक वरदान के तरह समझते हुए बच्चो को इस काबिल बनाना चाहिए की वे भी सामान्य बच्चों की भांति समाज की मुख्य धारा से जुड़ सके।

जिला मिशन समन्वयक विनोद श्रीवास्तव ने कार्यशाला में आए अभिभावकों से परिचय प्राप्त, दिव्यांग व्यक्तियों के द्वारा किए गए कीर्तिमान के बारे में जानकारी साझा करते हुए बताया की किस तरह अपनी एक कमजोरी को कोई व्यक्ति अपनी शक्ति बना सकता है। जैसे जगतगुरु रामभद्राचार्य द्वारा अनेकों अनेक ग्रंथों का निर्माण सभी भाषाओं का ज्ञान ये सब अपनी दिव्यांगता को परे रख कर किया है। अनेकों और भी उदाहरण पेश करते हुए पार्श्व गायक रविन्द्र जैन की भी मिशाल पेश की। सहायक परियोजना समन्वयक राजू चंद्रवंशी ने भी दिव्यांग बच्चों की हौसला अफजाई करते हुए अच्छी शिक्षा बेहतर पर्यावरण निर्माण के लिए अपनी बात रखी। कार्यशाला में मास्टर ट्रेनर के रूप विकासखंड पंडरिया के बीआरपी विनोद गोस्वामी ने मानसिक दिव्यांग बच्चों को श्रेणीवार दिव्यंगता के अनुसार प्रशिक्षण के बारे में बताते हुए जानकारी दी कि ऑटिज्म, सेरेब्रल पोल्सी बौद्धिक मंदता, तीनों अलग प्रकार की दिव्यांगता है और इसका प्रशिक्षण भी अलग प्रकार से ही होता है। कवर्धा बीआरपी होमबाई साहू के द्वारा 21 प्रकार की दिव्यांगता के बारे में बताते हुए जानकारी दी जिसमे श्रवण बाधित, मुख बाधित, दृष्टि बाधित, मानसिक मंदता, अस्थि बाधित, चलन निशक्तता, सेरेब्रल पोल्सी, ऑटिज्म आदि 21 प्रकार की दिव्यांगता के बारे में बताया गया। सहसपुर लोहारा के बीआरपी नरेश सोनी एवं बोडला बीआरपी गायत्री साहू द्वारा दृष्टि बाधित बच्चों को ब्रेल लिपि का प्रेक्टिकल करते हुए समस्त उपकरण का प्रदर्शन किया गया। बीआरपी रेशमा मेश्राम ने सांकेतिक भाषा के प्रयोग के बारे में बताते हुए रोजमर्रा की जिंदगी में प्रयोग भी बताया की हम प्रायः संकेतो का उपयोग करते है और इसी तरह हम बच्चों के साथ भी वार्तालाप स्थापित कर सकते है। दिव्यांग बच्चों के पालकों द्वारा बहुत ही गंभीरता पूर्वक कार्यशाला का लाभ उठाते हुए अपनी जानकारी साझा की।

### विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी




कार्यशाला में सहायक परियोजना अधिकारी राकेश चंद्रवंशी ने विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी कि समग्र शिक्षा अंतर्गत सभी दिव्यांग बालिकाओं को शिष्यवृत्ति, ऐसे विद्यार्थी जिनके कमर के नीचे के हिस्से में दिव्यांगत है उनके लिए एस्कॉर्ट एलाउंस एवं दृष्टि बाधित बच्चों के लिए ट्रांसपोर्ट एलाउंस की सुविधा भी उपलब्ध है। साथ ही जो भी दिव्यांग बच्चे जिन्हे उपकरण की आवश्यकता हो उनके लिए विकासखंड स्तर पर निःशुल्क उपकरण जैसे ट्राय सायकाल, व्हीलचेयर, बैसाखी, श्रवण यंत्र आदि की प्रदान किया जाता है। कवर्धा बीआरसीसी जलेश चंद्रवंशी ने भी कार्यशाला में आए अभिभावकों एवं पालकों का अभिवादन करते हुए अपने अनुभव साझा किया साथ ही बीईओ कवर्धा संजय जायसवाल के द्वारा भी सभी प्रशिक्षणार्थियों का अभिवादन किया।

# अनदेखीः कक्षा 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षा मार्च में, नगर व अंचल में देर रात बज रहे डीजे

- विद्यार्थियों की पढ़ाई-लिखाई प्रभावित, जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर



शहर व अंचल में शादी सीजन व अन्य कार्यक्रम आयोजित की जाती है जिससे देर रात तक शहर व अंचल में डीजे व अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग होने के कारण स्कूली छात्र-छात्राओं व को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है क्योकि मार्च में कक्षा 10वीं व 12वी की बोर्ड परीक्षा होनी है वहीं विद्यार्थियों की पढ़ाई-लिखाई में गहरा प्रभाव पड़ रहा है। जिला प्रशासन द्वारा जिले में कोलाहल अधिनियम लागू नही किए जाने के से इसका असर विद्यार्थियों के भविष्य पर दिख रहा। इन दिनों स्कूलों में छात्र-छात्राओं की अर्धवार्षिक परीक्षा समाप्त हो गया हैं, वही अब विद्यार्थी कक्षा 10 वीं व 12वीं के छात्र-छात्राएं अपने बोर्ड परीक्षा की पढ़ाई-लिखाई व तैयारी में जुट चुके है। लेकिन शहर व क्षेत्र में परिवारिक व धार्मिक कार्यक्रम में डीजे व धुमाल के शोर से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार नियम का उल्लंघन करने वालों पर प्रभावी कार्यवाही करने की मांग व जिम्मेदारों को इस ओर ध्यान देने की अपील की गई ताकि छात्र-छात्राएं पढ़ाई लिखाई में को बाधा निर्मित न हों। जिस पर जिला प्रशासन द्वारा इस संबंध में किसी तरह की पहल नहीं किए जाने से विद्यार्थी व पालकगण परेशान हैं। जिस पर ध्वनि ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर रोक व कार्यवाही करने कि अपील की गई।

## ग्रामीणों ने नल-जल मिशन अंतर्गत बोर खनन की मांग



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत कोलेगांव में नल-जल योजना अंतर्गत घरों-घर पाइप लाइन बिछाया गया है, लेकिन विभागीय अधिकारियों की अनदेखी के कारण ग्रामीण कोलेगांव वासी नल-जल योजना के लाभ सें वचिंत है। जिस पर ग्रामीणों द्वारा शासन-प्रशासन को कई बार शिकवा शिकायत कर जन-जागरूक किया गया लेकिन जिम्मेदारों की अनदेखी का खमियाजा ग्राम कोलेगांव के ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार कोलेगांव आंगनबाड़ी केंद्र परिसर में हैंडपंप नौनिहाल नन्हे मुन्हे बच्चों के लिए पेयजल की व्यवस्था की गई उसी हैंडपंप को शासन-प्रशासन व जिम्मेदारों द्वारा हैंडपंप में मोटर डालकर नल-जल योजना पाइप लाईन के सहारे घरों-घर पानी सफायर करने मजबूर है। जिस पर ग्रामीणों नें शासन प्रशासन से मांग करते हुए जल्द से जल्द नल जल योजना अंतर्गत बोर खनन की अपील की गई ताकि नन्हे मुन्हे बच्चों तथा ग्रामीणों का पर्याप्त पेयजल उपलब्ध हो सकें।

## खबर संक्षेप

### अखण्ड नवधा रामायण का आयोजन आज सें

**कवर्धा।** ग्राम सेन्हाभांठा में अखण्ड नवधा रामायण का 19वां वर्ष 2024 कों श्रीराम चरित मानस प्रेमी व आसपास क्षेत्र के मानस मंण्डली द्वारा मर्यादा पुरूषोत्तम भगवन श्रीरामचन्द्र व माता मिथलेश किशोरी की असीम कृपा सें ग्राम सेन्हाभांठा में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्रीराम चरित मानस का आयोजन 2 फरवरी सें भव्य मेला मानस मण्डली का आयोजन ग्रामवासियों व जय मां बम्लेश्वरी समिति सहित समस्त ग्रामवासी सेन्हाभाठा के सहयोग से किया जाएगा। जिसमें आसपास क्षेत्र के भक्तजन बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई साथ ही साथ क्षेत्रवासियों में भक्तिमय का वातारवण बना हुआ है।

### चार दिवसीय 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 3 फरवरी सें

**कवर्धा।** सॉफ्टबाल बालक-बालिका 67वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 03 से 06 फरवरी तक आयोजित की जाएगी। जिसमें मुख्य अतिथि उपमुख्यमत्री विजय शर्मा व अध्यक्षता पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा व विशिष्ट अतिथि श्रीमती सुशीला भट्ट, रामकुमार भट्ट, ईश्वर साहू, परदेशी पटेल, भगत पटेल सहित कार्यकर्ता गण उपस्थित होंगें। वहीं 06 फरवरी को समापन समारोह में मुख्य अतिथि सांसद संतोष पाण्डेय, व अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला भट्ट, विशिष्ट अतिथि विदेशी राम ध्रुर्वे, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, कैलाश चंद्रवंशी, नितेश अग्रवाल सहित कार्यकर्ताओं के उपस्थिति में स्वामी करपात्री जी स्टेडियम कवर्धा में 67वीं राष्ट्रीय शालेय सॉफ्टबॉल क्रीड़ा प्रतियोगिता में बालक-बालिका खिलाड़ी सहित गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न होगा।

# नेशनल हाइवे पर बेवजह खड़ी ट्रक व ट्रेलर से यातायात प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



शहर के नए पुल मिनीमाता चौंक से बिलासपुर रोड़ ट्रांसपोर्ट नगर नेशनल हाईवे एनएच 30 किनारे ट्रक व ट्रेलर वाहनों की लबी कतार से यातायात प्रभावित व आवागमन में राहगीरों को भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ता है वहीं सड़क दुर्घटना की आशंका लगातार बनी हुई है। नेशनल हाईवे में लगातार 24 घंटे लगातार राहगीरों को आवागमन लगा रहता है जिससे कुछ देर के लिए जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। शहर के ट्रांसपोर्ट नगर भारी वाहन गैस गोदाम व शराब दुकान तथा सर्वसमाज मांगलिक भवन, पेट्रोल पंप के आसपास ट्रक व ट्रेलर खड़ी रहती है, जिस पर जिम्मेदारों व विभागीय अधिकारियो को इस ओर ध्यान देने व यातायात को सुगम बनाने की अपील की गई ताकि सड़क दुर्घटना व यातायात प्रभावित ना हो।

## बजट प्रतिक्रियाः भाजपा ने कहा अच्छा, तो कांग्रेस ने कहा खराब

### गरीब, मजदूर व बेघर के लिए अविस्वर्णीय बजटः रामकुमार भट्ट



कवर्धा। जिला पंचायत भाजपा व पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रामकुमार भट्ट ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री एवं केन्द्रीय वितीय मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमन द्वारा जो बजट प्रस्तुत की गई है इसमें गरीब, मजदूर, बेघर लोगों को दों करोड़ घर बनाने का प्रावधान लाया गया है वह अविस्वर्णीय है।

### देश के लोगों के साथ धोखा किया गया हैः नीलकंठ



कवर्धा। जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष नीलकंठ चन्द्रवंशी ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा जो बजट प्रस्तुत की गई है, उसमें हमारे देश के लोगों के साथ धोखा किया गया है, क्योंकि रोजगार के लिए कुछ भी नहीं किया गया है और देश के प्रधानमंत्री देश की हित की बात करते है।

### सभी वर्गो के लिए सुखदायी बजटः अशोक साहू



कवर्धा। जिला भाजपा अध्यक्ष अशोक साहू ने कहा कि यह बजट गांव की गरीब, किसान, मजदूरों, कर्मचारी, व्यापारी व सभी वर्गो के लिए सुखदायी बजट है। जिस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं वित्तिय मंत्री निर्मला सीतारमन का आभार व्यक्त किया। किसानों को मिलने वाली प्रोत्साहन राशि और फसल बीमा योजना को बरकरार रखा गया है।

### किसानों व युवाओं के लिए निराशा जनक बजटः प्रशांत परिहार



कवर्धा। जिला सचिव कांग्रेस कमेंटी प्रशांत परिहार नें कहा कि यह केन्द्रीय बजट बहुत ही दुभग्य पूर्ण है, क्योंकि भारतीय जनता पार्टी केन्द्र गवर्रमेंट की सरकार द्वारा किसान हित व युवाओं कि हित मे कोई घोषणा नहीं हुई है। इस लिए यह बजट किसान व युवाओ के लिए निराशा जनक बजट है।

### महिला, किसान, युवा सभी के लिए बजट में प्रावधानः श्रीमती इंद्राणी दिनेश चंद्रवंशी



कवर्धा। कवर्धा जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती इंद्राणी दिनेश चंद्रवंशी ने कहा कि भारतीय रेलवे भी अब पूरी तरह यात्रियों के लिए सुविधा युक्त होने जा रहा है लगभग 40 हजार डिब्बे वंदे भारत के मानकों की तरह बनाए जाएंगे। देश में कैंसर से लड़ाई लड़ने 9 से 14 वर्ष की बच्चियों को सवाइकल कैंसर के मुफ्त टीके लगाया जाना प्रधानमंत्री मोदी की देश की महिलाओ के स्वास्थ्य के प्रति बड़ी संवेदनशीलता को दिखाता है। अब हमारी एक करोड़ और बहने लखपति दीदी बनेगी और अपने जीवन को स्वाभिमान और गर्व के साथ जीकर देश की तरक्की में अपना योगदान देंगी। एक करोड़ करदाताओं को उनके 10 वर्षो से लंबित 10 हजार तक के टैक्स से माफी एक एतिहासिक कदम है। भारत के आर्थिक हालातो में 10 वर्षो में हुए बदलावों पर श्वेत पत्र जारी करने की घोषणा बताती है की मोदी सरकार परफॉर्मेंस में कितना विश्वास रखती है। यह बजट विकसित भारत की नीव मजबूत करने की गारंटी है।

## औद्योगिक क्षेत्र हरिनछपरा बना रेलगाड़ी का स्टेशन गन्ना कृषकों के लिए किसान भवन की अभाव



**हरिभूमि बरबसपुर।** जिले में एक नही दो शक्कर कारखाना संचालित है जहां जिलेभर के किसान गन्ना फसल की कटाई-कटाई कर गन्ना से नदी ट्रैक्टर ट्रॉली कारखाना पहुंच रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार भोरमदेव शक्कर कारखाना में 350 से 400 तक गन्ना से लदी ट्रैक्टर पहुंच रहे हैं, जिनके कारण कारखाना के मैदान में रौनक आ गई है तथा मैदान में रेलगाड़ी के डिब्बे जैसे स्थिति निर्मित हो गई है वही दूसरे ओर औद्योगिक क्षेत्र हरिनछपरा मार्ग पर गन्ना से लदी ट्रैक्टर-ट्राली से आवागमन बाधित तथा राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वही हाई स्कूल मैदान पर भी ट्रैक्टर ट्रॉली रेलगाड़ी की डिब्बे जैसे दिखाई भी देने लगे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि गन्ना की आवक बढ़नें सें शक्कर कारखाना मैदान को पक्की बनवाने की जरूरत है ताकि बारिश होने पर किसानों को राहत मिल सके वहीं दूसरे तरफ किसानों को ठहरने के लिए किसान भवन के अभाव में किसानों को इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। जिस पर जिम्मेदार विभाग को इस ओर ध्यान देने की जरूरत है ताकि किसानों राहत व सुविधा मिल सके।

### आरपीएस स्कूल में हुआ परीक्षा में चर्चा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

श्रीरामकृष्ण पब्लिक स्कूल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा का सफल आयोजन किया गया। इस आयोजन के तहत कक्षा 6वीं से लेकर 12वीं तक के विद्यार्थी तकनीकी माध्यम से प्रधानमंत्री से जुडे रहे। इस दौरान समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थें

## ग्रामीण किसान अरहर फसल की तैयारी में जुटे



**हरिभूमि बरबसपुर।** जिले से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों किसान अरहर की फसल की कटाई कर घर व कोठार में लाकर अरहर फसल को थ्रेसर से मिसाई तथा फसल की एक-एक दाने निकले में जुटे हुए है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार लगातार बे मौसम बारिश व मौसम में उतार-चढ़ाव के कारण इस बार अरहर की फसल पर गहरा प्रभाव पड़ा है। जिससे ग्रामीण किसानों को भारी नुकसान हुई है। वहीं ग्रामीण किसान फसल कटाई कर किसान कोठार व घर में मिसाई तथा एक-एक दाने निकलने में जुटें हुए है। ग्राम दौजरी निवासी किसान संतोष चंद्रवंशी ने बताया कि अपने दो एकड़ खेतों में अरहर फसल बुआई किया और फसल परिपक्व के समय में बेमौसम बारिश के कारण फूल गिर गया, जिसके कारण से अच्छी पैदावार नहीं हो सकी, उन्होंने बताया कि अब मूलधन फसल निकलना मुश्किल हो चुका है।

**न्यायालय तहसीलदार तहसील पिपरिया**
**जिला- कबीरधाम (छ.ग.)**

ईकोर्ट क्र. ब/121 वर्ष 2023-24
ग्राम- खाम्ही प.ह.नं. 07

**// ईश्तहार //**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि-आवेदक खम्मन पटेल पिता मनीराम पटेल निवासी ग्राम खाम्ही तहसील पिपरिया जिला कबीरधाम द्वारा अपने पिता मनीराम पटेल पिता अमरसिंह पटेल के मृत्यु प्रमाण पत्र शासकीय कार्य में आवश्यकता पड़ने से जारी कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। आवेदक के पिता मनीराम का मृत्यु दिनांक 25/10/2022 में ग्राम खाम्ही में हुआ है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा / आपत्ति पेश करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में नियत समय व तिथि तक दावा-आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 24/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया।

पेशी दिनांकः- 12/02/2024

मुहर

तहसीलदार
पिपरिया

## दर्शनिक स्थाल देवी-मंदिरों का दर्शनकर आशीर्वाद प्राप्त किया

# मक्के के छात्र-छात्राओं ने किया शैक्षिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला मक्के संकुल केंद्र पथर्रा के छात्र छात्राएं ने जंगल सफारी, राजिम, चंपारण, पुरखौती मुक्तांगन तथा मां बंजारी माता का शैक्षिक भ्रमण किया। जंगल सफारी में विद्यार्थियों ने वनस्पति जीव-जंतु को प्रत्यक्ष रूप से देखे उनके रहने के आवास को देखकर उनके बारे में बेहतर ढंग से जाने साथ ही छत्तीसगढ की प्रयाग कहा जाने वाले 6 शाताब्दी में नल वंशी शासक विलासतुंग के द्वारा बनाए गए प्राचीन ऐतिहासिक राजिम लोचन मंदिर का दर्शन किया गया, यह मुख्य मंदिर भगवान विष्णु के दर्शन के साथ साक्षी गोपाल, भगवान जगन्नाथ व मामा-भांजा मंदिर साथ ही साथ महानदी, पैरी व सोढुर नदी के त्रिवेणी संगम वहीं भगवान शिव की मूर्ति का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया, विद्यार्थियों ने देवी-मंदिर का दर्शनकर लक्ष्मण झूला का आनंद लिया। वहीं राजिम से 13 किलो मीटर दूरी में स्थित चंपारण में भगवान वल्भाचार्य का दर्शनकर चंपारण से 27 किलो मीटर की दूरी स्थित पुरखौती मुक्तांगन में छात्र-छात्राओं नें छत्तीसगढ़ के विभिन्न संप्रदाय के संस्कृति, वेशभूषा मुख्य रूप से आदिवासियों की संस्कृति, रहन-सहन, वेशभूषा, घोटूल युवा गृह, रथ को देखे और उनके बारे में जानें यह स्थान विद्यार्थियों को बहुत ही ज्यादा प्रभावित किया उनके चेहरे में भारी प्रसन्नता व खुशी के भाव दिखाई दी 1 वहीं रायपुर शहर की बड़ी-बड़ी इमारत व चकाचौंध को देखकर भारी उत्साहित नजर आए साथ ही मां बंजारी माता का दर्शन किए इस पूरे भ्रमण के दौरान बच्चों में किसी विषय वस्तु, स्थान, मंदिर को जानने और समझने की ललक जिज्ञासा दिखाई व प्रसन्न हुए, इस शैक्षिक भ्रमण में प्राथमिक शाला प्रधान पाठक श्रीमती एलवीना विलसन, शिक्षक कपूर चंद्रवंशी, कौशल खांडे, संकुल शैक्षिक समन्वयक रामसिंह साहू सहित भारी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

**पाठक सूचना**

कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425554555, 8889139071

**ज्योतिषी**

बना बनाया काम बिगड़ना, ऊपरी हवा, पति पर स्त्री के वस में होना, शराब छुड़ने की गारंटी, वशीकरण मोहनी की गारंटी के साथ घरेलु समस्या, बच्चों का मन पढ़ाई में न लगना, शादी विवाह में अड़चन, प्रेम विवाह, सभी समस्या का निवारण, तंत्र-मंत्र वैदिक पद्धिति के द्वारा स्थायी हल।

पता- दीपक महाराज
रायपुर नाका, घोठिया रोड ज्योति विद्या मंदिर हाईस्कूल के पीछे कवर्धा

Mo. 9300415345

**खबर संक्षेप**

## बजट से सरकारी कर्मचारियों निराश



**कवर्धा।** केन्द्र सरकार द्वारा वर्तमान लोकसभा के आखिरी बजट से कर्मचारी वर्ग कई उम्मीद लगाए बैठे थे, लेकिन उन्हें बजट में राहत नहीं मिलने से निराशा ही हाथ लगा है। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने कहा कि हमें आम बजट से पुरानी कर व्यवस्था में आयकर छूट की सीमा को 2.5 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपये किए जाने की उम्मीद थी, लेकिन इसमें किसी तरह का कोई बदलाव नहीं किया गया। इसी प्रकार नई कर व्यवस्था के टैक्स स्लैब में भी कोई बदलाव नहीं हुआ है। इसके साथ ही अपने मजबूती के समय को शासकीय सेवा में लगाने वाले केंद्रीय कर्मचारियों-अधिकारियों के सेवानिवृत्ति के बाद सुरक्षित भविष्य के लिये पुरानी पेंशन योजना के बहाली की अपेक्षा थी, लेकिन इस मामले में भी राहत नहीं दिया गया है, जिसने कर्मचारियों को निराश ही किया है।

## भारत को नई ऊंचाई देने वाला बजट:बग्गा



**कवर्धा।** आज प्रस्तुत हुए केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी जसविंदर बग्गा ने कहा कि आज का बजट विकसित भारत का एक विजन प्रस्तुत करने वाला बजट है आज के बजट में भारत के सर्वांगीण विकास के प्रावधान देखने को मिल रहे है। देश का पूंजीगत व्यय 11 प्रतिशत और बढ़ा दिया गया है अब यह 11 लाख करोड़ होगा। पूंजीगत व्यय से देश में एक तरफ आधारभूत संरचना मजबूत होगी वहीं निवेश की संभावनाएं भी बढ़ेगी और वहीं बड़ी मात्रा में रोजगार का सृजन होगा और विकसित भारत के सपने के साकार करने भारत तेज गति से आगे बढ़ेगा। जसविंदर बग्गा ने कहा केंद्र ने हमेशा राज्यो को बड़ी मदद दी है इस बार भी बजट में राज्यो के लिए 75 हजार करोड़ का ब्याज मुक्त ऋण देने का प्रावधान किया गया है जो स्वागत योग्य है। छत्तीसगढ़ प्रदेश को भी इसका लाभ मिलेगा।

# उपमुख्यमंत्री ने जिला कार्यालय में ली प्रशासनिक व विभागीय अधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा गुरूवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर पूर्व में दिए गए निर्देशों के प्रगति की गहन समीक्षा की। उन्होंने बैठक में जिले के विभिन्न विभाग के अधिकारियों को दिए गए निर्देशों पर प्रगति लाने के निर्देश दिए। कृषि, पशु चिकित्सा, मत्सय, जल संसाधन, उद्यानिकी विभाग, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री सड़क योजना, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, नवीन सिंचाई योजना के कार्यो के स्थिति की विस्तारपूर्वक जानकारी ली। उन्होने कलेक्टर को कार्यां की प्रगति समय-सीमा की बैठक में रखकर समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्थानीय निवासियों को विभिन्न योजनाओं के तहत जोड़ते हुए लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों के छोटे-छोटे कार्यों के लिए भटकना नहीं पड़े। पटवारी और ग्राम पंचायत सचिव को मुख्यालय में अनिवार्यतः रहने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला भट्ट, जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, कलेक्टर जनमेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव, डीएफओ चुड़ामणि सिंह, जिला पंचायत सीईओ संदीप कुमार अग्रवाल सहित समस्त जिला अधिकारी उपस्थित थे। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि मत्स्य पालन के लिए जिले के स्थानीय मछुआरा परिवार को प्राथमिकता देते हुए केज निर्माण के लिए योजना के तहत अधिक से अधिक लाभन्वित करें। समाज के साथ बैठक कर उसमें चर्चा करे और उन्हें योजना के तहत केज निर्माण आने वाली सभी कठनाईयों को दूर कर सहयोग करें। मछली पालन विभाग के सहायक संचालक ने बताया कि 198 केज की अनुमति मिली है, 20 मार्च तक जिले के स्थानीय निवासियों को केज उपलब्ध कराया जाएगा। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने पिछली बैठक में जिले में पशुपालकों को मिलने वाली सुविधाओं के लिए एक्सरे मशीन खरीदने के लिए निर्देश दिए थे। पशु चिकित्सा विभाग के उपसंचालक ने बताया कि इसके लिए प्रस्ताव भेंज दिया गया है। उप मुख्यमंत्री ने कलेक्टर से सैद्धातिक सहमति लेकर खरीदी करने तथा 15 मार्च तक ओटी कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

### गुड़ उद्योगों में रोजगार के लिए युवाओं को प्रशिक्षण



उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि कबीरधाम जिले में बड़ी मात्रा में गन्ने का उत्पादन किया जाता है, जिसके कारण यहां गुड़ उद्योग बड़ी संख्या में स्थापित है। उन्होने गुड़ उद्योग में रोजगार के लिए स्थानीय युवाओं को तकनीकी रूप से प्रशिक्षण के लिए कौशल विकास विभाग को दिए गए थे, जिस पर कार्य किया गया। प्रारंभ में बीस युवाओं को चयन कर गुड़ उद्योग में 10 फरवरी से प्रशिक्षण प्रारंभ किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रशिक्षण के प्रारंभ के समय उद्योग के संचालक को आमंत्रित कर सुझाव लिए जाए। जिससे उन्हें अपने उद्योग में कार्य करने के लिए योग्य प्रशिक्षित युवा प्रशिक्षण के बाद मिल सके। इससे अन्य राज्यों से कार्य के लिए तकनीकी विशेषज्ञ को बुलाने की आवश्यकता नहीं होगी और स्थानीय निवासियों को रोजगार मिल सकेगा।

### सिंचाई परियोजनाओं में विस्तार करने के दिए निर्देश

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि कबीरधाम जिले के किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सिंचाई परियोजनाओं में विस्तार करने की आवश्यकता है। उन्होंने प्रारंभ होने वाले सिंचाई योजनाओं की जानकारी ली। बैठक में बताया गया कि घटोला जलाशय, जगमड़वा जलाशय, बड़ौदाखुर्द और हाफ नदी व्यपवर्तन योजना के तहत रमतला जलाशय, क्रांति जलाशय और देवसरा जलाशय मे कार्य कर सिंचाई का विस्तार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि घटोला जलाशय के लिए टेंडर जारी कर एजेंसी का निर्धारण कर लिया गया है। उपमुख्यमंत्री ने अन्य जलाशयों के निमार्ण के लिए आने वाले कठिनाईयों को दूर कर सभी प्रक्रियाओं को पूर्ण करते हुए शीघ्र कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इसके अलावा शहर में रसोई गैस ऐजेंसी भी बढने के निर्देश दिए गए है।

### मुलाकात: साधराम हत्याकाण्ड को लेकर सौंपा मांग पत्र

# 54 समाज प्रमुखों ने डिप्टी सीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कवर्धा कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम लालपुर कला निवासी यादव समाज के साधराम यादव की निर्मम हत्या के मामले को लेकर गुरूवार को यादव समाज प्रमुख सहित कुल 54 समाजों के जिलाध्यक्षों ने कवर्धा पहुंचे प्रदेश उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा से मुलाकात की और उन्हें अपनी मांगों से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार समाज प्रमुखों ने प्रदेश के उप मुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा को सौंपे गए ज्ञापन में साधराम की हत्या करने वाले आरोपियों को फांसी की सजा देने, मृतक के आश्रित परिवार को 1 करोड़ की मुआवजा राशि देने तथा परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिए जाने की मांग की है।

बताया जाता है कि इससे पहले सभी समाज के अध्यक्षों ने बकायदा एक बैठक आयोजित की और बैठक में विचार विमर्स करने तथा सर्वसम्मति से निर्णय लेने के बाद उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा से जिला कार्यालय कवर्धा में मुलाकात कर उनके समक्ष अपनी मांगे रखी। यहां बताना लाजिमी होगा कि जनवरी माह की 21 तारीख को ग्राम लालपुर कला निवासी साधराम की हत्या 6 लोगों ने मिलकर धारदार हथियार से गलारेत कर दी थी।

इस घटना के सामने आने के बाद पुलिस ने हत्या में शामिल सभी आरोपियों को महज 24 घंटों के भीतर ही गिरफ्तार कर लिया था। वहीं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री व गृह मंत्री विजय शर्मा ने पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर परिजनो से मुलाकात की थी और पीड़ित परिवार को फौरी तौर पर 5 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि भी उपलब्ध कराई थी। इसके बाद उप मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रशासन द्वारा घटना के मुख्य आरोपी के अवैध निर्माण के खिलाफ बुलडोजर की भी कार्यवाही की है।

लेकिन ऐसा लगता है कि मृतक के परिजन, यादव समाज तथा जिले का दीगर समाज अभी तक की गई इन तमाम कार्यवाही से संतुष्ट नहीं है। यही वजह है कि उन्होने आज अपनी मांगों से संबंधित एक ज्ञापन प्रदेश के उप मुख्यमंत्री तथा गृह मंत्री को सौंपा है।

### हत्या के सही तथ्य आएं सामने



ज्ञापन सौंपने के बाद मीडिया के सामने आए समाज प्रमुखों ने कहा कि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि आखिर साधराम की हत्या क्यों की गई। उन्होने कहा कि हमें ऐसा लगता है कि यह हत्या सांप्रदायिक माहौल को बिगाड़ने की नियत से की गई सोची समझी साजिश है लेकिन इसमें आरोपी सफल नहीं हो पाए। क्योंकि यह हत्या ठीक उस समय की गई जब अयोध्या में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होनी थी। ऐसे में प्रशासन को इस हत्या को एक सामान्य हत्या का मामला मानकर शांत नहीं बैठना चाहिए बल्कि इस मामले की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए ताकि सही तथ्य सामने आ सकें। इसके अलावा समाज ने पीड़ित परिवार को उचित न्याय दिलाने के साथ ही अन्य मांगे को लेकर शासन प्रशासन को ज्ञापन सौंपा था लेकिन उस पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है। जिस पर तत्काल कार्यवाही होनी चाहिए।

# नक्सली जब चाहे तब हम वार्ता के लिए तैयार: श्री शर्मा

- कवर्धा पहुंचे प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पत्रकारों से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कवर्धा विधायक एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा गुरूवार को एक दिवसीय प्रवास पर अपने गृह नगर कवर्धा पहुंचे। इस दौरान जहां उन्होने कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया वहीं उन्होने प्रशासनिक बैठक भी ली और सरकारी तथा विभागीय कामकाज की समीक्षा की।



बैठक लेकर सभाकक्ष से बाहर निकले उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मीडिया से चर्चा करते हुए एक सवाल के जवाब में कहा कि प्रदेश सरकार नक्सलवाद को समाप्त करने लगातार प्रयास कर रही है और कार्ययोजना बनाई जा रही है। उन्होने कहा कि हम अभी भी किसी समय और किसी भी माध्यम से नक्सलियों से चर्चा करने के लिए तैयार हैं अगर नक्सली हथियार छोड़ चर्चा करें तो उनका स्वागत हैं। उन्होने भाजपा की महतारी वंदन योजना के संबंध में कहा कि इसे लेकर बैठक में चर्चा की गई है और मुख्यमंत्री ने कहा कि योजना का क्रियान्वयन जल्द की प्रारंभ किया जाएगा। वहीं पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि लालपुर कला हत्याकाण्ड को लेकर कवर्धा के साथ ही पूरे प्रदेश के समाज की चिंता जायज है। हमें भी इस तरह की घटनाओं को लेकर चिंता है और हमारी सरकार ऐसे मामलों में बेहद संवेदनशील हैं। लालपुर कला हत्याकाण्ड की पुलिस टीम लगातार जांच कर रही है और आगे जो कुछ सामने निकलकर आएगा उसके हिसाब से कार्यवाही की जाएगी।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने एक सवाल के जवाब में कहा कि जिले में विकास एवं निर्माण कार्यो के साथ ही सिंचाई परियोजनाओं को बढ़ाने के साथ अन्य विषयों को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए गए है। उन्होने कहा कि विभागीय एवं प्रशासनिक कार्य सही ढंग से हो और सही समय पर हो इसे ध्यान में रखते हुए हर माह समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी।

जिला स्तरीय समीक्षा बैठक के साथ ही तहसील स्तरीय तथा ग्राम स्तर पर भी बैठक आयोजित की जाएगी। उन्होने आज प्रस्तुत केन्द्रीय अंतरिम बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह वजट देश को नई दिशा देने वाला बजट है। आज मोदी सरकार के दस वर्षो के कार्यकाल में देश पूरी तरह से आत्म निर्भर बना है और आने वाले समय में भारत आर्थिक रूप से और ज्यादा मजबूत होगा।

# उपमुख्यमंत्री ने दिव्यांग की मांग पर उपलब्ध कराई बैटरी चलित ट्राइसिकल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

आज देर रात छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के मोबाइल पर फोन आया। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा को सीधे मोबाइल पर प्रदीप साहू ने कॉल किया और अपनी परेशानियां बताई। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने प्रदीप साहू से विनम्रता से बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनी। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा कहा अगले यानी गुरुवार को मैं कवर्धा के दौरे पर रहूंगा। सुबह 11 बजे आपकी समस्याएं दूर हो जाएगी। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने अपने वायदे को पूरा करते हुए आज सुबह गुरुवार को सुबह प्रदीप साहू से कलेक्ट्रोरेट परिसर में भेंट की और उन्हें बैटरी चलित ट्राइसिकल भेंट की। प्रदीप साहू मूलतः कबीरधाम जिले के ग्राम जेवड़न का रहने वाला है। वह शारीरिक रूप से दिव्यांग है। चल फिर नही पाने के कारण वह बहुत दिनों से परेशान था। उन्होंने इससे पहले बैटरीचलित ट्राइसिकल के लिए मांग की थी, उन्हें नही मिल पा रहा था। ट्राइसिकल मिलने के बाद दिव्यांग श्री प्रदीप साहू का आत्मविश्वास बढ़ गया है। वह बहुत खुश है। उन्होंने बताया अब आसानी से अपने घरेलू काम कर सकता है। प्रदीप साहू ने ट्राइसिकल मिलने पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का आभार व्यक्त किया है। इसके साथ ही उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा के निर्देशानुसार वार्ड नम्बर 19 कवर्धा के निवासी गोवर्धन सिंह ठाकुर को समाज कल्याण विभाग द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए बैटरी चलित मोटराइज्ड ट्रायसायकल प्रदान किया गया।



# किसान, गरीब युवा व महिला की बेहतरी का बजट: नीरज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



साहित्यकार स्वतंत्र पत्रकार नीरज मनजीत ने अंतरिम बजट पर चर्चा करते हुए कहा कि वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने गाँव, किसान, गरीब, युवा एवं महिला विकास को ध्यान में रखकर विकसित और आत्मनिर्भर भारत के लिए समावेशी प्रगतिशील अंतरिम बजट पेश किया है।

यह चुनावी साल में पेश किया जानेवाला परंपरागत लोक लुभावन बजट नहीं है, जिसमें वोट लेने के लिए असंगत ऐलान कर दिए जाते थे, फिर अगले चार सालों में विकास के सारे काम रुक जाते थे। इस बजट में निम्न मध्य वर्गीय बेघर लोगों के दो करोड़ घर बनाने का प्रावधान है। दो करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य स्त्री सशक्तिकरण की दिशा में बहुत बड़ा कदम है। नए स्टार्टअप और स्किल डेवलपमेंट के जरिए युवाओं को रोजगार में लगाने का मकसद तय किया गया है। किसानों को मिलनेवाली प्रोत्साहन राशि और फसल बीमा योजना को बरकरार रखा गया है। सबसे बड़ी बात यह है कि डिफेंस और इंफ्रास्ट्रक्चर के बजट में अच्छी खासी बढ़ोतरी की गई है, जो एक मजबूत भारत के निर्माण के लिए जरूरी है। बीते पाँच वर्षों में विदेशी निवेश में काफी बढ़ोतरी हुई है। इसे और ज़्यादा बढ़ाकर भारत को दुनिया का मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने का इरादा ज़ाहिर किया गया है। यदि ऐसा होता है, तो निश्चय ही रोजगार के अवसर और बढेंगे।

# एसपी ने नागाडबरा मामले की जांच का किया खुलासा, फॉरेंसिक रिपोर्ट का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव ने जिले के कुकदुर थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम नागाडबरा में जलने से हुई एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत के मामले में अब तकी जांच उपरांत बड़ा खुलासा किया है और अब तक की गई जांच व कार्यवाही की जानकरी सार्वजनिक की है।

इस संबंध में उन्होने बताया कि गत 15 जनवरी 2024 को थाना कुकदूर में सूचना प्राप्त हुई की आग लगने से बैगा परिवार के तीन लोगों की मृत्यु हो गई है। इस सूचना पर थाने में मर्ग क्रमांक 3, 4, 5/2024 पंजीबद्ध किया गया तथा शवों का पोस्टमार्टम करवाया गया। जिसमें डॉक्टर ने मृतिका हिरमती बाई आयु 32 वर्ष व जोनहुरम आयु 12 वर्ष के शव आग में पूरी तरह से जल जाने से मौत के कारण ना बता पाना लिखा है तथा मृतक बुधराम बैगा आयु 35 वर्ष की मृत्यु मरने से पहले जलने वह जलने से आई चोट के कारण से होना बताया है।

पुलिस अधीक्षक श्री पल्लव ने बताया कि घटना स्थल पर फॉरेंसिक की टीम को बुलाया गया था जिन्होंने घटना स्थल निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट में चूल्हे में आग होने के कारण तार में टांगे गए कपड़े में आग लगने और कपड़े में भड़की आग से घर की छत में आग लगने से अग्नी दुर्घटना की आशंका व्यक्त की है। उन्होने यह भी बताया कि घटना स्थल से एक गैस सिलेंडर भी बरामद किया गया था जिसका रेगुलेटर जला हुआ था व चूल्हा एवं दो जले हुए मोबाइल जप्त किया गए है। साथ ही घटना स्थल से एक गंज, लोटा, लकड़ी के खंभे का छिलका, कुल्हाड़ी जिसका बेट जला हुआ है जिसमें रक्त जैसा धब्बा दिखने पर उनकी पहचान मानव रक्त है या नहीं इसकी जांच के लिए उसे फॉरेंसिक लैब भेजा गया है तथा घटना स्थल से मृतक द्वारा पहने गए कपड़े एवं राख को जप्त कर ज्वलनशील पदार्थ की उपस्थिति का पता लगाने फॉरेंसिक लैब भेजा गया है। जिसकी रिपोर्ट अभी तक नहीं आई है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इस घटना की जांच के लिए गठित टीम मामले की जांच कर रही है। आगे जो कुछ भी निकलकर आएगा उसके हिसाब से आगे की कार्यवाही की जाएगी।

### सड़क सुरक्षा माह में भी वाहन चालक कर रहे हैं नियम कायदों की अनदेखी, ट्रालियों में नहीं लगाते रेडियम

# सरेराह उड़ाई जा रही यातायात नियम की धज्जियां, ठोस कार्रवाई की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

इन दिनो जिले में 15 जनवरी से 14 फरवरी तक राष्ट्रीय यातायात सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है लेकिन जिले में इस आयोजन निभाई जा रही औपचारिकताओं के बीच वाहन चालक जम से यातायात नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं, जबकि कार्यवाही शून्य हैं।

उल्लेखनीय है कि इन दिनो जिले के दोनों सहकारी शक्कर उत्पादक कारखानो सहित जिले के ग्रामीण अंचलों में संचालित निजी गुड़ फैक्ट्रियों में गन्ना खरीदी का कार्य जोरों पर चल रहा है और गन्ना उत्पादक किसान अपने खेतों से गन्ना कटाई कर उसे कारखाना तथा गुड़ फैक्ट्रियों तक परिवहन करने के कार्य में जुटें हैं।

लेकिन इसमें कोई दो राय नहीं है की पहले की अपेक्षा अब डीजल के दामों में हुई बेतहासा और भारी बढ़ोतरी के बाद किसानो को गन्ना परिवहन करना काफी मंहगा पड़ने लगा है और उन्हें अब गन्ना परिवहन करने अतिरिक्त राशि खर्च करनी पड़ रही है, जिससे निश्चित रूप से गन्ना उत्पादक किसानो की आय में भी कमी आई है। लेकिन विकासखण्ड पंडरिया के कुछ किसानो ने इस अतिरिक्त खर्च को कम करने का हथकंडा खोज लिया है और अब वे एक ट्रेक्टर में दो ट्राली फंसाकर गन्ना का परिवहन करते नजर आ रहे है। निश्चित रूप से ऐसा करके गन्ना का परिवहन करने वाले किसान कम से कम एक ट्रिप का डीजल और उसकी लागत बचा ही रहे हैं साथ ही उनका समय और कुछ अतिरिक्त खर्च भी बच रहा है। भले ही किसानो का यह हथकंडा उनके लिए फायदेमंद हो पर दूसरों के लिए यह बेहद खतरनाक साबित हो रहा है और इसके चलते कई छोटी बड़ी सड़क दुर्घटनाएं भी सामने आ रही है। बताया जाता है कि एक ट्रेक्टर में दो ट्राली फंसे होने से ट्रेक्टर ट्राली की लम्बाई काफी बढ़ जाती है और पीछे चलने वाले वाहन चालक विशेषकर मोटर सायकल चालक इसे भांप नहीं पाते और वे धोखा खा जाते हैं तथा दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। खासकर रात के समय तो एक के पीछे एक फंसी ट्रेक्टर ट्राली को देख पाना काफी टेढ़ी खीर है। क्योंकि ट्रेक्टर ट्राली के पीछे न तो ब्रेक लाईट होती है और न ही कई लोग इनके पीछे रेडियम पट्टी का उपयोग करते हैं। हालांकि किसानो का यह हथकंडा उनके लिए भी खतरनाक है क्योंकि इतनी लम्बाई के वाहन को मोड़ना काफी जोखिम का कार्य है। ऐसे में क्षेत्रवासियों ने पुलिस प्रशासन तथा कारखाना प्रबंधन के साथ गुड़ फैक्ट्री संचालकों से इस तरह के गन्ना परिवहन पर रोक लगाए जाने की मांग की है।



# डिप्टी सीएम के प्रयासों से विजयदास को मिली 6 लाख 60 हजार की सहायता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से विजयदास मानिकपुरी को मुख्यमंत्री सहायता कोष से 6 लाख 60 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति मिली है।

विजय मानिकपुर ने उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया है। श्री मानिकपुरी मूलतः बोड़ला नगर पंचायत का निवासी है। उनकी पुत्री साधना मानिकपुरी की वर्ष 2018 में पागल कुत्ते के काटने तथा उपचार के दौरान 13 वें दिन में उनकी मृत्यु हो गई। मृतिका के पिता ने विजय मानिकपुरी ने बताया कि आर्थिक सहायता के लिए लगातार प्रयास करते रहे पर आर्थिक सहायता राशि नहीं मिल पाई।

फिर एक दिन उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के बोड़ला विकासखंड़ के भ्रमण के दौरान उनसे भेंटकर आर्थिक सहायता के लिए विशेष आग्रह करते हुए आवेदन दिया। आवेदन देने के ठीक 01 माह भीतर ही मुझे 6 लाख 60 हजार रूपए की मुख्यमंत्री सहायता कोष से सहायता राशि स्वीकृति मिली।

इस स्वीकृति के लिए मैं उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा का धन्यवाद ज्ञापित करता हूं।